# दहकती खबरें

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

E-Mail: dahaktikhabrain2011@gmail.com

अन्याय के विरुद्ध आम आदमी की आवाज

DAVP CODE: 132457 RNI. NO. UPHIN/2011/39283 (लखनऊ से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रसारित)

वर्ष–13 अंक–227 लखनऊ, शनिवार 27 अप्रैल 2024 पृष्ठ–8 मूल्य–01 रुपए



आजाद बिजनेस सेंटर

हमारे यहाँ सभी प्रकार के समाचार पत्र एवं पत्रिका की कम्पोजिंग का कार्य उचित दर पर किया जाता है।



इम्तियाज अहमद
सम्पर्कः 9044777902

अच्छी छपाई एवं आकर्षक कम्पोजिंग के लिए संपर्क करे।



E-Mail: azadbusiness0786@gmail.com

नोट : छपाई एवं बण्डल लगाने की सुविधा उपलब्ध है।


## संक्षिप्त समाचार

### जालंधर से भाजपा प्रत्याशी सुशील रिंकू ने फिल्लौर विधानसभा क्षेत्र के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया

फिल्लौर ,26 अप्रैल (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव में जालंधर सीट से बीजेपी के उम्मीदवार सुशील कुमार रिंकू आज करीब 12 बजे फिल्लौर विधानसभा क्षेत्र के पुरानी तहसील रोड पर बीजेपी के मुख्यालय का उदघाटन करने पहुंचे। उन्होंने भाजपा अध्यक्षों और नये–पुराने कार्यकर्ताओं से चुनाव में अपना पूरा समर्थन देने का आह्वान किया। इस मौके पर सुशील रिंकू ने कहा कि मैं जानता हूं कि मौजूदा सांसद लंबे समय से फिल्लौर और गोराया शहर में रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का कई बार वायदा कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने इसे पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जनता मुझे एक और मौका ताकि उनकी लमे समय से चल रही मांग पूरी कर सकू।

इस मौके पर उ रंजीत पवार, गोल्डी नाहर रघु अरोड़ा राजेश शर्मा एडवोकेट, शाम लाल,सुंदर जैन और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे, सुशील रिंकू जब अपने समर्थकों के साथ अपने कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद चले गए । जब किसान संगठनों को सुशील रिंकू के फिल्लौर दौरे की जानकारी मिली तो भारतीय किसान यूनियन (दुआबा), भारतीय किसान यूनियन (कडाना) और किरती किसान यूनियन के नेता बीजेपी दफ्तर पहुंच गए और बीजेपी व प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस मौके पर प्रधान हरजीत सिंह ढेसी, कमलजीत सिंह, कुलदीप सिंह, बलविंदर सिंह, हरजीत सिंह मांडी, बलकार सिंह पंजधेड़ा, बलविंदर सिंह आलोवाल, हर्षदीप नूरमहल व अन्य मौजूद थे।

### डा संदीपा सूद एड्यू आइकॉन 2024 अवार्ड से सम्मानित

फगवाड़ा ,26 अप्रैल (आरएनएस)। सैफरन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डा संदीपा सूद को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए देश के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मुख्य सलाहकार एवं भारत के पूर्व राजनयिक आदरणीय दीपक वोहरा द्वारा द लीला अम्बिएंस, गुडग़ाँव में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में एड्यू आइकॉन 2024 अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह से देश के नामी 250 स्कूलों के प्राचार्यों को गुणवत्ता के कसौटी पर चुना गया। सैफरन पब्लिक स्कूल अपनी फ्यूचरिस्टिक गतिविधियों , शिक्षा प्रणाली के बल पर देश के टॉप स्कूल्स में अपनी पहचान बना चुका है । सैफरन पब्लिक स्कूल के चेयरमैन मनमोहन सिंह एवं वाईस चेयर पर्सन इंदरजीत कौर ने डा संदीपा सूद को बधाई दी । अपने वक्तयव में डा संदीपा सूद कहा कि उनका उद्देश्य स्कूल में बच्चों को सिर्फ किताबों तक सीमित रखना नहीं है। स्कूल में बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन के साथ–साथ, प्रैक्टिकल नालेज, स्किल्स और अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं। स्कूल को शिक्षा की गुणवत्ता व कुशल कार्य–प्रणाली की वजह से समय–समय पर प्रतिष्ठित अवार्ड मिलते रहे हैं। इससे उनको व उनकी टीम को एक नया उत्साह, मोटिवेशन और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से सीधे संवाद और आत्मीयता से मिलने पर उनकी झिझक तो दूर होती ही है साथ ही उन्हें बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। इसलिए वे प्री–नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा में खुद जाती हैं और निजी तौर पर उनसे इंटरेक्ट करती हैं। उन्होंने कहा कि जीएसएलसी एड्यू आइकॉन 2024 का अवार्ड मिलना बहुत ही गर्व और खुशी की बात है।

### मणिपुर में कद्दू में छिपाकर रखा गया 3.5 करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त

इम्फाल ,26 अप्रैल (आरएनएस)। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने कद्दू के अंदर छिपाकर रखी गई 3.5 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की, जिसके पड़ोसी देश म्यांमार से तस्करी कर लाए जाने का संदेह है।

पुलिस ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सुरक्षा बलों ने जिरीबाम में फिरज़ावल जिले के टिपाईमुख से दक्षिणी असम के कछार की ओर जा रहे एक पिकअप ट्रक को रोका और दो ड्रग तस्करों – अब्दुल मन्नान मजूमदार और खलील उल्ला बारभुइया को गिरफ्तार किया।

निरीक्षण करने पर, सुरक्षाकर्मियों को 30 साबुन के डिब्बों में 363.45 ग्राम हेरोइन मिली, जो अन्य सब्जियों के साथ पिकअप ट्रक में लदे कद्दू में छिपाई गई थी।

आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हिरासत में लिए गए लोगों और जब्त किए गए नशीले पदार्थों को जिरीबाम थाने के हवाले कर दिया गया है।

### झारखंड के गुमला में बेटे ने माता-पिता को पीट-पीटकर मार डाला

गुमला ,26 अप्रैल (आरएनएस)। गुमला जिले के चौनपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने माता–पिता को पीट–पीटकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा कि उसने पारिवारिक संपत्ति को हड़पने की नीयत से वारदात को अंजाम दिया। चौनपुर थाने के एक पुलिस अफसर ने बताया कि ग्रामीण से मिली सूचना के अनुसार, लोरंबा खड़ियाटोला गांव में अर्पण मिंज ने बीती देर रात अपने पिता जेवियर मिंज और मां दोरसिया मिंज की पीट–पीटकर हत्या कर दी।

## आपका वोट आपकी आवाज है, रिकॉर्ड संख्या में करें मतदान - पीएम मोदी



नई दिल्ली ,26 अप्रैल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने खासतौर से युवा और महिला मतदाताओं से बढ़–चढ़कर वोट करने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, जितना अधिक मतदान होगा, उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने हिंदी और अंग्रेजी सहित विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में एक्स पर पोस्ट कर मतदाताओं से वोट अवश्य करने का आग्रह करते हुए कहा, लोकसभा चुनाव में आज दूसरे चरण की सभी सीटों के मतदाताओं से मेरा विनम्र अनुरोध है कि वे रिकॉर्ड संख्या में मतदान करें। जितना अधिक मतदान होगा, उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र होगा। अपने युवा वोटर्स के साथ ही देश की नारी शक्ति से मेरा यह विशेष आग्रह है कि वोट डालने के लिए वे बढ़–चढ़कर आगे आएं। आपका वोट आपकी आवाज है!

आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत देश के 13 राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों के 88 लोकसभा सीटों पर आज मतदान हो रहा है। इसमें केरल की सभी 20 लोकसभा सीट शामिल हैं, वहीं कर्नाटक में 14, राजस्थान में 13, उत्तर प्रदेश में 8, महाराष्ट्र में 8, मध्य प्रदेश में 6, असम में 5, बिहार में 5, छत्तीसगढ़ में 3, पश्चिम बंगाल में 3 और त्रिपुरा, मणिपुर एवं जम्मू कश्मीर में 1–1 सीट पर आज वोट डाले जा रहे हैं।

## बृजभूषण सिंह को लगा दिल्ली कोर्ट से झटका, कोर्ट ने दोबारा जांच की मांग ठुकराई



दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह की यौन उत्पीड़न मामले में आगे की जांच की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। मामला महिला पहलवानों ने दायर किया था. सिंह ने दलील दी थी कि कथित घटना के दिन वह देश से बाहर थे। याचिका को खारिज करते हुए, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले में सिंह पर औपचारिक रूप से आरोप लगाया जाए या नहीं, इस पर फैसले के लिए 7 मई की तारीख तय की। सिंह के कानूनी प्रतिनिधि ने तर्क दिया कि दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर आधारित की। उन्होंने दावा किया कि रिकॉर्ड के अनुसार कथित घटना 7 सितंबर, 2022 को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) कार्यालय में हुई थी। हालांकि, वकील ने दावा किया कि सीडीआर को पुलिस ने रिकॉर्ड पर नहीं रखा है।ईडी की टीम पर 5 जनवरी को सुंदरबन की सीमा से लगे नदी डेल्टा संदेशखाली में उस समय हमला किया गया था, जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख शाहजहां के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान संदेशखाली में हथियारों का बड़ा जखीरा छिपा होने का इनपुट मिला था। अधिकारियों ने पीटीआई–भाषा को बताया कि शुक्रवार की सुबह, सीबीआई की एक टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके दौरान विदेशी निर्मित पिस्तौल सहित हथियार जब्त किए गए।

## भारत और जापान ने मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेलवे परियोजना की प्रगति की समीक्षा की



नई दिल्ली ,26 अप्रैल (आरएनएस)। भारत और जापान ने गुरुवार को ऑनलाइन प्रारूप में आयोजित 17वीं संयुक्त समिति की बैठक के दौरान मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेलवे (एमएएचएसआर) परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जापानी प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार मासाफुमी मोरी के साथ बैठक की सह–अध्यक्षता की। भारत की ओर से, बैठक में रेलवे और विदेश मंत्रालय के साथ–साथ नेशनल हाई–स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में जापान की ओर से विदेश, वित्त, अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग, भूमि, बुनियादी ढांचे, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय के साथ–साथ जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) सहित संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया। जापानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, इस बैठक में, हमने मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेल परियोजना की प्रगति की पुष्टि की और परियोजना की निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी चर्चा की। इसमें कहा गया है, जापानी सरकार मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेलवे पर शिंकानसेन प्रणाली की शुरुआत के लिए भारत सरकार के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी। इस सप्ताह की शुरुआत में, आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, वैष्णव ने कहा था कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए विभिन्न स्टेशनों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने खुलासा किया, 290 किमी से अधिक का काम पहले ही हो चुका है। आठ नदियों पर पुल बनाए गए हैं... 2026 में पहला खंड खोलने के लक्ष्य के साथ काम बहुत तेज गति से चल रहा है।


## महादेव सट्टेबाजी घोटाला : एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र पुलिस ने किया तलब



मुंबई ,26 अप्रैल (आरएनएस)।

बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने करोड़ों रुपये के महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की चल रही जांच में पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि तमन्ना भाटिया ने कथित तौर पर महादेव के ग्रुप ऐप में से एक, फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल देखने के लिए प्रचार किया था। एक्ट्रेस को अपना बयान दर्ज करने के लिए सोमवार, 29 अप्रैल को साइबर पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। कई अंतरराज्यीय और केंद्रीय एजेंसियां भी महादेव ऐप घोटाले की जांच कर रही हैं, जो अनुमानित 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बताया जा रहा है। 2021 में घोटाला सामने आने के बाद मनोरंजन जगत की कई हस्तियों, बिजनेसमैन और राजनीतिक संरक्षण वाले अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई। इस मामले में पूरे भारत में छह दर्जन से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं और जैसे ही मनी–लॉन्ड्रिंग का पहलू सामने आया, प्रवर्तन निदेशालय भी जांच में कूद गया।

## आईसीआईसीआई बैंक के 17 हजार यूजरों का क्रेडिट कार्ड डेटा लीक






नई दिल्ली ,26 अप्रैल (आरएनएस) ।

आईसीआईसीआई बैंक के कम से कम 17 हजार नए ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड डेटा लीक होने और गलत यूजरों तक पहुंचने के बाद बैंक ने कहा कि उसने इन कार्डों को ब्लॉक कर दिया है और ग्राहकों को नए कार्ड जारी कर रहा है।

यह मुद्दा तब सामने आया जब आईसीआईसीआई बैंक के कुछ ग्राहकों ने सोशल मीडिया पर बैंक के आईमोबाइल पे ऐप द्वारा उनके पूरे नंबर और कार्ड सत्यापन मूल्य (सीवीवी) सहित क्रेडिट कार्ड विवरण लीक होने के बारे में चिंता व्यक्त की।

वित्त–संबंधित फोरम टेक्नोफिनो पर, कई यूजरों ने अचानक अपने आईमोबाइल पे ऐप पर कुछ अज्ञात ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड के पूरे कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट और सीवीवी जैसे संवेदनशील डेटा मिलने की सूचना दी।

आईएएनएस को दिए एक बयान में, आईसीआईसीआई बैंक के प्रवक्ता ने कहा कि यह उनके संज्ञान में आया है कि पिछले कुछ दिनों में जारी लगभग 17 हजार नए क्रेडिट कार्ड हमारे डिजिटल चौनलों में गलत यूजरों के लिए मैप कर दिये गए थे।

प्रवक्ता ने कहा, इस सेट से किसी कार्ड के दुरुपयोग का कोई मामला हमारी सूचना में नहीं है। हालांकि, हम आश्वस्त करते हैं कि किसी भी वित्तीय नुकसान के मामले में बैंक ग्राहक को उचित मुआवजा देगा।

बैंक के अनुसार, प्रभावित क्रेडिट कार्डों की संख्या बैंक के क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो का लगभग 0.1 प्रतिशत है।

आईसीआईसीआई बैंक के प्रवक्ता ने कहा, तत्काल उपाय के रूप में, हमने इन कार्डों को ब्लॉक कर दिया है और ग्राहकों को नए कार्ड जारी कर रहे हैं। हमें हुई असुविधा के लिए खेद है।

एक यूजर ने टेक्नोफिनो पर लिखा, आईमोबाइल पे ऐप पर सुरक्षा गड़बड़ी के कारण मेरे पास किसी और के अमेज़न पे क्रेडिट कार्ड की पहुंच है। हालांकि ओटीपी घरेलू लेनदेन को प्रतिबंधित करता है, मैं आईमोबाइल ऐप से विवरण का उपयोग करके अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन कर सकता हूं।वर्ष 2008 में लॉन्च आईमोबाइल पे ऐप के 2.8 करोड़ से अधिक यूजर हैं।

## मातम में बदली खुशियां: शादी में आतिशबाजी से घर में लगी आग, सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

दरभंगा ,26 अप्रैल (आरएनएस)। बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने बताया कि अंटोर गांव में गुरुवार की देर रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी। शामियाना एवं बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की, जिससे शामियाना में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया। इस दौरान आग के फैलने से वहां रखा सिलेंडर विस्फोट कर गया। साथ ही लपटों के रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के स्टॉक तक पहुंचने से आग ने भयानक रूप ले लिया एवं उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रामचंद्र पासवान का पुत्र सुनील कुमार (36), सुनील कुमार की पत्नी लाली देवी (23), उमेश पासवान की पत्नी कंचन देवी (26), उनकी पांच वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी, पुत्र शशांक कुमार (03) और पुत्र सिद्धांत कुमार (04) शामिल हैं। रोशन ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम को आग पर काबू पाने में करीब चार घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर अधिकारियों को भेजा गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 11–11 हजार रुपये और पॉलीथीन शीट उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही पोस्टमॉर्टम के बाद मृतकों के परिजनों को छह–छह लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दे दिया गया है।

## काम के बहाने उज्जैन लाकर युवती से रेप

उज्जैन। (आरएनएस)। हरदा की युवती को धोखे से उज्जैन लाकर रेप करने का मामला सामने आया है। आठ आरोपियों ने युवती को महाकाल रेस्ट हाउस भेजा। यहां इनमें से एक युवक ने उसके साथ रेप और मारपीट की। पुलिस ने आरोपी चार युवक और चार युवतियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवतियां उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और दिल्ली की रहने वाली हैं। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपी इंदौर में रहकर सेक्स रैकेट चला रहे थे। पीड़िता बुधवार को नागझिरी थाने पहुंची। उसने बताया कि आरोपी उसके जान–पहचान वाले हैं। उसे काम दिलाने का कहकर उज्जैन लाए थे। उन्होंने जबरदस्ती उसे देह व्यापार में धकेलना चाहा। विरोध करने पर मारपीट की। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि गिरोह के गौरव भरती निवासी इंदौर, अमन पवार निवासी उज्जैन, रेप के आरोपी उज्जैन निवासी गोविंद पालीवाल समेत आठ को अरेस्ट किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# सावित्री देवी की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

(पुण्यतिथि के अवसर पर परिवार जनों ने वृद्धा आश्रम में अंगवस्त्र एवम फल किया वितरित)

दहकती खबरें

ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र सोनभद्र। अपने पितरों की पुण्यतिथि पर उनको याद करना और श्रद्धा सुमन अर्पित करना बहुत ही सराहनीय और अनुकरणीय कार्य हैं। उक्त बातें पत्रकार संजीव कुमार श्रीवास्तव की पूज्यनीय माता स्मृति शेष सावित्री देवी की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा। श्री मिश्र ने कहा कि वर्तमान दौर में जब जीते जी अपने माता पिता और घर के बुजुर्गो के अपमान की घटना आए दिन समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलती है ऐसे में अपने दिवंगत बुजर्गो की पुण्यतिथि मनाना और उनकी स्मृति में वृद्धा आश्रम में जाकर अंग वस्त्र एवम फल वितरित करना बहुत ही पुण्य का कार्य है और अनुकरणीय व सराहनीय है। उक्त श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पत्रकार संजीव कुमार श्रीवास्तव के नगर स्थित आवास उरमौरा वार्ड नंबर बारह राबर्ट्सगंज में दिन के चार बजे से किया गया जो बहुत ही सादगी से पारिवारिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों सहित उपस्थित पत्रकारो साहित्यकारो व समाज सेवियों द्वारा उनको याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सोन साहित्य संगम के संयोजक आल प्रेस एंड राइटर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव कवि हृदय राकेश शरण मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम स्मृति शेष सावित्री देवी के चित्र पर उपस्थित अतिथियों एवम परिवार जनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन



अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार संजीव कुमार श्रीवास्तव ने किया और संचालन अनीश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सावित्री देवी को बहुत ही धर्म निष्ठ एवम कुशल गृहणी बताया। वही बतौर मुख्य अतिथि राकेश शरण मिश्र में अपनी कविता ष्नाम देकर हमे तुम बेनाम हो गएष के माध्यम से स्मृति शेष सावित्री देवी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में पत्रकार राजकुमार ने भी सावित्री देवी के प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवम मुख्य आयोजक संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मेरी मां मेरे लिए भगवान थी और आज समाज में मैने जो कुछ भी मान प्रतिष्ठा और स्थान प्राप्त किया है वो मेरी मां के द्वारा दिए गए संस्कारों और आशीर्वाद का ही प्रतिफल है। आज अपनी स्मृति शेष मां की सातवीं पुण्य तिथि पर मैं उनको शत शत नमन वंदन करता हूं। इसी प्रकार कार्यक्रम में उपस्थित परिवार जनों में रजनीकांत श्रीवास्तव,आयुष श्रीवास्तव,अर्चना श्रीवास्तव,अर्चित श्रीवास्तव,सुमन श्रीवास्तव,आरिका श्रीवास्तव, अक्षित श्रीवास्तव श्रेया श्रीवास्तव एवम विनोद कुमार ने भी शब्द प्रसून से अपनी अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर उनके लिए प्रार्थना की गई।

# सफाईकर्मी पर जानलेवा हमला, सफाईकर्मी संघ ने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

तमकुहीराज, कुशीनगर। स्थानीय विकास खंड में तैनात सफाई कर्मचारी को ड्यूटी जाते वक्त दो दर्जन लोगों ने बुरी तरह पिटाई कर दिया। वह मौके पर गिर कर मूर्छित हो गए। बेहोशी की हालत में लोगों ने सीएचसी तमकुही पहुँचाया। जहां उपचार चल रहा है। सफाईकर्मी की पिटाई की जानकारी होने सफाई कर्मचारी संघ तमकुही ने कड़ा एतराज जताते हुए आरोपियों की 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग किया है। गिफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। विकास खंड



के करजहाँ निवासी राजकिशोर मिश्रा मंगुरीपट्टी में बतौर सफाई कर्मचारी तैनात हैं। गुरुवार की सुबह आठ बजे ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे। गांव के बाहर लगभग दो दर्जन लोगों ने घेर कर बुरी तरह पिटाई कर दी। जिससे वे मूर्छित होकर मौके पर गिर पड़े। लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुही पहुँचाया। सफाईकर्मी के साथ मारपीट की घटना की जानकारी होने पर विकास खंड के बड़ी संख्या में सफाईकर्मी अस्पताल पहुंच गए। इन लोगों ने घटना की निंदा की है। संघ के पूर्व अध्यक्ष रूदल अली ने कहा है कि अगर 24 धंटे के अंदर दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो संघ आरपार की लड़ाई को बाध्य होगा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

उरई(जालौन)।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्ड्येय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रशिक्षित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन को संपन्न करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी प्रपत्रों, रजिस्टरों, लिफाफों एवं मतदान के दिन प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्रियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों रवाना होने से पहले सामग्री का मिलान अवश्य करा लें, साथ ही निर्धारित वाहन से ही जाएं। उन्होंने मतदान दिवस पर मतदान के प्रतिशत को संकलित किए जाने हेतु तैयार किए गए एमपीएस मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के संबंध में बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को मतदान दिवस पर शाम 6 बजे के पश्चात फाइनल वोटर टर्न आउट का आकलन भी एमपीएस मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस ऐप का उपयोग सेक्टर ऑफिसर एवं पीठासीन अधिकारी द्वारा किया जाएगा संबंधित विधानसभा क्षेत्र के बूथ उनकी सेक्टर वार रियल टाइम पर संकलित किए जाने तथा मतदान अवधि के बाद संभावित लाइन तथा मतदान समाप्ति आदि सूचनाओं को ऑनलाइन संकलित कर संबंधित एआरओ को ससमय उपलब्ध कराना व



मैपिंग आदि का कार्य संबंधित ए आर ओ द्वारा अपने पोर्टल पर लॉगिन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमपीएस मतदान प्रतिशत संकलन ऐप का उद्देश्य मतदान दिवस के दिन मॉकपोल संपादित होने, प्राप्त 7 से मतदान प्रारंभ होने, मतदान प्रारंभ होने के पश्चात प्रत्येक 2 घंटे की अवधि शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत डीईओ/आरओ को भी उनके पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर ज्योति, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु आरती आदि सहित संबंधित अधिकारी के साथ–साथ मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

# सभी मतदान कार्मिक सौपें गए दायित्वो का निर्वहन पूरी तत्परता एवं ईमानदारी से करें:- डीएम

कुशीनगर लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष विश्वसनीय ढंग से, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में मतदान कार्मिकों का तीसरे दिन प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से उदित नारायण इण्टर कालेज व उदित नारायण डिग्री कालेज, पडरौना में संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण कर रहे मतदान कार्मिकों से वार्ता भी की। प्रशिक्षण के दौरान मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से मास्टर ट्रेनर द्वारा ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग, पिंक पेपर सील एवं रबर स्टैम्प ,मतदाता रजिस्टर (17क), एड्रेस टैग, लाख (लाह), मुहर पैड, एरोक्रास मार्क, कम्यूनिकेशन प्लान, वल्नरेबुल मतदेय स्थल / मजरा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, समस्त फार्म एवं लिफाफे, डमी बैलेट यूनिट के बारे में प्रशिक्षण कराया गया। इस दौरान पी0पी0टी0 के अतिरिक्त ई0वी0एम0 के प्रयोग संबंधी समस्त जानकारी दी गई तथा मतदान कार्मिकों से निर्वाचन के दौरान भरे जाने वाले सभी प्रपत्रों, विभिन्न तरह के लिफाफे, सील , पीठासीन डायरी तथा मॉकपोल के बाद अपनाए जाने वाली प्रक्रिया क्लोज रिजल्ट क्लियर (सीआरसी) के बारे में भी सरलता पूर्वक जानकारी देने के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों मतदान कार्मिकों से विभिन्न तरह के प्रश्न भी पूछे गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मौसम प्रतिकूल है तेज धूप से बचने के लिए सर पर कपड़ा



अवश्य रखें तथा लगातार पानी/ नींबू, ओआरएस पीते रहे जिससे कि शरीर में पानी की कमी ना रहे। हम सभी को पूर्ण मतदान बिल्कुल निष्पक्ष होकर संपन्न करना है। उन्होंने कहा की पार्टी रवानगी के दिन सुबह आकर अपने निर्वाचन संबंधी ईवीएम वीवीपीएटी, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट मशीन प्राप्त कर ले जिससे कि दोपहर की गर्मी से बचा जा सके तथा सभी मतदान केन्द्रों पर जाने के लिए वाहनों (बस) की उचित व्यवस्था की जा रही है, जिससे कि मतदान केंद्रों पर पहुंचने हेतु आप सभी को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। प्रशिक्षण के दौरान अगर किसी को कोई डाउट/कन्फ्यूजन हो तो अपने मास्टर ट्रेनर से उसे तुरंत पूछे। किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो मुझे भी अवगत कराए। आप सभी ट्रेनिंग का शॉर्ट नोट्स जरूर बनाए रखें जिससे कि प्रशिक्षण प्राप्त कर उसे सूचीबद्ध करने और रिवीजन करने में आसानी होगी। मतदान प्रतिशत भरने हेतु एप के बारे में आगे जानकारी दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कार्मिकों को सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करने सहित आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लेने की अपेक्षा की। कहा कि पूरा जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय ढंग से तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा केवल एक ही उद्देश्य है कि चुनाव के दौरान सभी मतदाताओं के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र माहौल प्रदान करना जिससे कि वह घर से निकलकर मतदान अवश्य करें।आगे उन्होने कहा कि सभी मतदान कार्मिक प्रशिक्षण के उपरांत स्वयं भी अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक करें तथा अपने आसपास के घर, परिवार तथा समाज के लोगों को 01 जून को मतदान करने हेतु प्रेरित भी करें। इसे सफल बनाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं सभी मतदान कार्मिकों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ऑनलाइन वेबसाइट पर पीठासीन अधिकारी मतदान कार्मिकों हेतु हैंडबुक उपलब्ध है जिसका अध्ययन आप लोग अवश्य करें।इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्वाचन दौरान कार्मिकों की भूमिका उनके महत्व पर वार्ता की गई। प्रशिक्षण कुल चार दिवसों तक चलेगा। जिसके अंतर्गत कुल 7170 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमे प्रत्येक दिन 22 कमरों में 1793 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण उदित नारायण इंटर कॉलेज एवं उदित नारायण डिग्री कॉलेज पडरौना में प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी , परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, डीसी मनरेगा राकेश, जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार, डीआईओएस रविंद्र , तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के पांचवें चरण में नामांकन के पहले दिन 9 सपा, बसपा व निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा खरीदे गये पर्चे, भाजपा प्रत्याशी द्वारा किया गया नामांकन

उरई(सू०वि०)।लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करने के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी की गई, जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार पाल को नियुक्त किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार आज जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्ड्येय कक्ष में 09 प्रत्याशियों ने 21 पर्चे पीप, इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा जी ने नामांकन दाखिल किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के पांचवें चरण में होने वाले चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले ही दिन 09 प्रत्याशियों ने 21 पर्चे खरीदे। जनपद की जालौन–गरौठा– भोगनीपुर लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान होना है, इसके लिए आज शुक्रवार 26 अप्रैल से 03 मई तक प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकते है। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में प्रथम



दिन नामांकन प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष संख्या–13 में सुबह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 01 सेट, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चन्द्र ने 02 सेट, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नारायनदास अहिरवार ने 04 सेट, स्वतंत्र जनता राज्य पार्टी के प्रत्याशी सीताराम ने 01 सेट, आल हिंद पार्टी के प्रत्याशी गंगा सिंह ने 04 सेट, भारतीय सत्य चेतना पार्टी के प्रत्याशी नागेन्द्र कुमार ने 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी दल सिंह ने 04 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रभान ने 02 सेट में पर्चा खरीद जिसमे से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 01 सेट दाखिल किया।

# अवध बार एसोसिएशन चुनाव के लिए अधिवक्ताओं ने किया नामांकन

लखनऊ हाई कोर्ट में अवध बार एशोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कई पदों के लिए नामांकन किया है। इस मौके पर अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा ने महासचिव पद के लिए किया नामांकन। इस दौरान महासचिव पद प्रत्याशी अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि जो भी अधिवक्ताओं के हित में कार्य होगा वह पूर्ण रूप से किया जाएगा। महासचिव पद के प्रत्याशी अनिल कुमार मिश्रा ने ये भी कहा कि अधिवक्ताओं के अधिकोशीय फण्ड को पाँच लाख से बढ़ाकर दस लाख रुपए कराने का भरपूर प्रयास करूंगा। वही महासचिव प्रत्याशी अनिल कुमार मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा की हम हमेशा अधिवक्ताओं के हित के लिए लड़ाई लड़ते हैं और आगे भी लड़ते



रहेंगे। नामांकन के समय अधिवक्ता अल्तमश खान, बिलाल वारसी, आनद दुबे, अनस, अभिषेक त्रिपाठी, सादुल्लाह खान,परम पटेल ,राहुल तिवारी, नीरज तिवारी के साथ साथ सैकड़ों अधिवक्ताओं ने जिन्दाबाद के नारे लगाए व सभी अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा महासचिव प्रत्याशी को जीत दिलाने का संकल्प लिया।

अधिवक्ताओं के इस जोर और शोर से ऐसा प्रतीत होता दिखा रहा है की बाकी सभी प्रतियाशी इनकी प्रतिस्पर्धा से कोसो दूर है अवध बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , महामंत्री, कोषाध्यक्ष , उपाध्यक्ष वरिष्ठ, उपाध्यक्ष कनिष्ठ , वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य , कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य , संयुक्त मंत्री, के पदों के लिए नामांकन दाखिल किया गया।

# लापरवाही : अल्ट्रासाउंड मशीन ना होने के कारण एवं डश्क्टरों के अभाव में मरोजों को नही मिल रहा इलाज

माधौगढ़(जालौन) सीएचसी माधौगढ़ में अल्ट्रासाउंड मशीन एवं अधिक सुविधा न होने के कारण एवं डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को ढंग का उपचार भी नही मिल पा रहा है जिस कारण कस्बे में झोलाछापों की तादात भी बढ़ गयी है एक प्रकार से यदि देखा जाये तो मरीजों की हालत जरा भी बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है या फिर उन्हें अपनी जान से हाथ धोना पढ़ता है सीएचसी में प्रतिदिन ओपीडी में 500 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते है एक डॉक्टर होने पर उन्हें घंटो इंतजार करना पढ़ता है तो वहीं यह भी है कि अस्पताल में जाँच की व्यवस्था भी मशीनों के अभाव में शून्य है क्योंकि अधिकांश मरीजों को जाँच के लिए बाहर पैथोलोजी पर जाना पढ़ता है तहसील स्तर पर मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ सेवा देने के लिए बनाया गया अस्पताल लगड़ी हालत में है क्योंकि नॉर्मल मरीज ही इस अस्पताल में उपचार ले पा रहे है अन्य किसी रोग विशेषज्ञों की कमी मरीजों को खल रही है सीएचसी में एक्सरा मशीन तो लगी है लेकिन वह भी जब तब ही चालू रहती है फिलहाल में एक्सरा के बाद भी किसी विशेषज्ञ को देखाने के लिए डॉक्टर का अभाव है जिस कारण मरीजों को परेशानी उठानी पढ़ती है। एक दिलचस्प बात यह भी है कि माधौगढ़ में सीएचसी की बिल्डिंग अच्छी रूप में तैयार है लेकिन अब तक कई वार्डो को चालू भी नही करवाया है खस्ता हाल में पड़ा अस्पताल मरीज व तिरमदारों के लिए परेशानी बना हुआ है। स्वास्थ सेवा को लेकर जब प्रभारी कुलदीप राजपूत से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों में अभाव को लेकर विभाव को कई लेटर दिये गये लेकिन अब तक इस कमी को पूरा नही किया जा सका है। अस्पताल में सभी प्रकार की फिलहाल तो सभी दवाएं उपलब्ध रहती है लेकिन फिर जरूरत के तौर पर कमी पढ़ने पर दवा बाहर से मगानी पढ़ती है।

# नौजवानों को नौकरी मिलेगी। महिलाओं को सुरक्षा - राजेन्द्र चौधरी

लखनऊ (आरएनएस)।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा है कि आज लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश में बागपत, बुलन्दशहर, अलीगढ़, अमरोहा, मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर में हुए मतदान में जनाक्राश के चलते भाजपा को हर तरफ अपनी हार दिखाई दी है। लोगों ने एकजुट होकर समाजवादी पार्टी–इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए गर्मी–लू–धूप की जरा भी परवाह नहीं की। वृद्ध, दिव्यांग से लेकर नववधू तक ने भाजपा को हराने का निश्चय दिखाया। दरअसल, मतदाताओं ने भाजपा के बजाय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व पर भरोसा जताया। जनता नफरत की राजनीति से ऊबी है। लोगों को भरोसा है कि उन्हें न्याय दिलाएंगे। किसानों का कर्ज माफ होगा। नौजवानों को नौकरी मिलेगी। महिलाओं को सुरक्षा मिलेगी। अपने अलोकतांत्रिक और मर्यादाहीन आचरण के चलते भाजपा ने आज मतदान के दूसरे चरण में जगह–जगह मतदान में व्यवधान डालने और सत्ता का दुरूपयोग खुले तौर पर करने में जरा भी परहेज नहीं किया। वैध दस्तावेज दिखाने के बावजूद कई जगह मतदाताओं को मतदान से रोका गया। मतदाताओं को परेशान करने और मतदान में अवरोध के लिए मतदान कर्मियों का काम बंद कर एक साथ लंच करने जाने का नया उदाहरण भी इस बार देखने को मिला। कई अधिकारियों के भाजपा एजेंट बनने की शिकायते भी रहीं। ग्रेटर नोएडा, बुलन्दशहर में तो फर्जी मतदान के मामले में दो दर्जन लोग भी पकड़े गए। ईवीएम खराबी की तो पहले की तरह फिर कई जगहों से खबरें आई है। गाजियाबाद में सत्ता पक्ष के इशारे पर धीमा मतदान कराया गया ताकि मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में वोट न डाल सके। लोकसभा क्षेत्र मेरठ में भाजपा नेता बूथ संख्या 329 पर जबरन फर्जी मतदान कराते मिले। गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के बूथ संख्या 113 व 120 पर भाजपा प्रत्याशी की पत्नी पार्टी का पटका पहनकर मतदाताओं पर भाजपा के पक्ष में मतदान का दबाव डाल रही थी।

# विधवा महिला की जमीन पर जेठ का कब्जा

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के चक एलई उर्फ बक्शी पार गांव में लल्लू पाठक के मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल और तेज कृष्णा पाठक दो पुत्रों में एक पुत्र तेज कृष्णा पाठक की मौत हो गयी उनके बड़े पुत्र मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने लल्लू पाठक की संपूर्ण जमीन पर कब्जा कर लिया है वृद्ध लल्लू पाठक सोचने समझने और निर्णय लेने की क्षमता खो चुके हैं लेकिन उनकी जमीन पर दान पत्र लिखवाकर कब्जा कर लिया मामले को लेकर तहसीलदार की अदालत में मुकदमा दाखिल हुआ जिससे दान पत्र का दाखिल खारिज नहीं हो सका और जमीन मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल के नाम नहीं दर्ज हुई लेकिन फिर भी मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने जबरिया जमीन पर कब्जा कर लिया करोड़ों की संपत्ति के मालिक होने के बाद अब लल्लू प्रसाद असवा गांव में अपने बेटे मनोज पाठक के ससुराल में दुख भरी जिंदगी जी रहे हैं लल्लू पाठक की पत्नी कालिंदी देवी के हिस्से की जमीन पर भी बड़े बेटे मनोज उर्फ बोधन लाल ने जबरिया कब्जा कर लिया है माता–पिता दोनों की संपत्ति में कब्जा करने के बाद मनोज पाठक ने दोनों को बेदखल कर दिया जबकि बृद्ध महिला कालिंदी देवी ने बड़े बेटे को अपनी जमीन नहीं दी है कहीं भी लिखा पढ़ी नहीं है लेकिन फिर भी जबरिया कब्जा किया जा चुका है मजबूरन में लल्लू पाठक की पत्नी कालिंदी देवी अपनी बेटी के घर पर जिंदगी के दिन गुजार रही है बेटे तेज कृष्णा पाठक की मौत होने के बाद उसकी विधवा पत्नी रेखा पाठक को भी सास ससुर की संपूर्ण संपत्ति से रेखा के जेठ मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने बेदखल कर दिया है लल्लू ने दोनों बेटों को संपत्तियों में हिस्सा दिया था विधवा रेखा जब अपने पति तेज कृष्णा पाठक के हिस्से की जमीन पर हिस्सा बटवारा मांगती है तो उसके साथ जेठ द्वारा कई बार मारपीट की जा चुकी है मामले को लेकर विधवा रेखा पाठक पुलिस चौकी टेवा के चौखट पर पहुंची मामले की शिकायती पत्र दिया लेकिन विधवा रेखा पाठक के शिकायती पत्र पर पुलिस ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है जिस पर रेखा पाठक ने १६ अप्रैल को पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया लेकिन जांच के नाम पर टेवा चौकी पुलिस जमीन कब्जा करने वाले मनोज पाठक का साथ दे रही है और विधवा महिला को न्याय नहीं मिल रहा है लल्लू पाठक की वृद्ध पत्नी कालिंदी देवी भी अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए पुलिस को शिकायती पत्र दे चुकी है लेकिन कालिंदी देवी की जीवित होते हुए उसकी जमीन पर उसके बेटे मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने कब्जा कर लिया है और कालिंदी देवी को जमीन पर काबिज नहीं होने दे रहे हैं तेज कृष्णा पाठक की विधवा पत्नी रेखा पाठक का कहना है कि उनके ससुर लल्लू पाठक की जमीन गलत तरीके से दान पत्र में लिखाने के बाद उन्हें कैद कर लिया गया है इस मामले की भी शिकायत हुई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है जिस जमीन का दान पत्र लिखे जाने के बाद दाखिल खारिज में नाम नहीं दर्ज हुआ है उस जमीन पर कैसे मनोज पाठक ने कब्जा कर लिया है लेकिन बिना दाखिल खारिज के जमीन कब्जा करने वालों का साथ चौकी पुलिस दे रही है और शिकायतकर्ताओं को न्याय नहीं मिल रहा है।

# भाजपा गरीबों को कर रही गुमराह बेरोजगारी से लोग परेशान महंगाई से चरमराई अर्थव्यवस्था

कौशाम्बी । सामान्य लोकसभा निर्वाचन २०२४ का कार्यक्रम पांचवें चरण में २० मई को मतदान होना है पर्चा दाखिला के पहले दिन बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर ने मूरतगंज के मेला बाग में प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं से अपील करते हुए भारी से भारी बहुमत से प्रत्याशी को जीतने की अपील किया इस दौरान राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर द्वारा बेरोजगारी और महंगाई तथा भाजपा को गुमराह करने की पार्टी बताया गया। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद द्वारा बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सुमित आनंद के पक्ष में मूरतगंज चंदवारी बाग में जनसभा का आयोजन किया गया जनसभा में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी और सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा भारी भरकम माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया इस दौरान माला पहनने की मारामारी में प्रत्याशी को कार्यकर्ताओं ने दरकिनार कर दिया बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी के द्वारा कौशांबी जनपद का सृजन किया गया है सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं को मुहैया करा कर लोगों को गरीबी से उठाने का कार्य किया गया है उन्होंने कहा कि जिला अति पिछड़ा होने के कारण गरीबों को न्याय नहीं मिलता था बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सन २००० में जिले का सृजन किया गया जंगल स्वरूप इस जिले में गरीबों को न्याय नहीं मिलता था उन्होंने कहा कि बेरोजगारी महंगाई गरीबों के लिए अभिशाप है गरीब बेसहारा काम के लिए इधर–उधर अन्य प्रदेशों में भटकते रहते हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा उन गरीबों के हक में कोई काम नहीं किया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी द्वारा गरीबों को गुमराह कर उनका वोट हासिल करते हैं इसके बाद ५ वर्ष उनका कोई अता–पता ख्याल खबर करने वाला नहीं दिखता है लेकिन आने वाले समय में यदि बहुजन समाज पार्टी के केंद्र में सरकार बनती है तो गरीबों को उनका हक दिलाना पार्टी की जिम्मेदारी होगी इस मौके पर हजारों कार्यकर्ताओं के साथ बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सहित अपार जनसमूह मौजूद रहा है। खरीदा गया जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार से अधिसूचना जारी होने के उपरांत नामांकन पत्र खरीदने और भरने का कार्य चालू कर दिया गया है पहले दिन निर्दलीय और राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा १४ परचे खरीदा गया है जिसमें मनोज कु३

# सम्भागीय परिवहन विभाग द्वारा चौथे दिन भी सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान चलाया गया

जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद राशिद सैय्यद

अम्बेडकरनगर रू उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–946/तीस–3–2024 परिवहन अनुभाग–3 दिनांक–19 अप्रैल, 2024 के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के सम्बन्ध में दिनांक 22.04.2024 से 04.05.2024 तक श्सड़क सुरक्षा पखवाड़ाश मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के चौथे दिवस दिनांक 25.04.2024 को डा0 अशोक स्मारक पी०जी० कालेज, तमसा मार्ग अकबरपुर अम्बेडकर नगर के विद्यालय परिसर में चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें सभी चालकों का आई विजन सही पाया गया। इसी क्रम में प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अभियोग में 22 वाहनों का चालान किया गया तथा 02 वाहनेंओवरलोड में संचालित होते हुए पायी गयी, जिन्हें तत्समय निरुद्ध किया गया। जनपद के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों के पालन करने हेतु पम्पलेट, हैण्डविल का वितरण कर जागरूक किया गया तथा कार्यालय में सड़क सुरक्षा नियमों के



पालन हेतु शपथ दिलायी गयी। इसके साथ ही निगम के बस स्टेशनोंएवं परिवहन कार्यालय, लोक निर्माण विभाग कार्यालय पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा चालकों/परिचालकों को एवं यात्रियों को आडियो/वीडियो सामग्री द्वारा सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। अपील: जनपदवासियों से अपील की जाती है कि लोकतंत्र के इस महापर्व 25 मई, 2024 को अपने व अपने परिवार के समस्त मतदाताओं सहित अपने मतदेय स्थल पर जाकर मतदान अवश्य करें तथा आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदान करना हम सभी का अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है।ष शर्मीला सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अम्बेडकर नगर।

# एसडीएम टाण्डा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान जागरुकता की दिलाई शपथ

जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद राशिद सैय्यद

अम्बेडकरनगर रू लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपजिलाधिकारी टाण्डा मोहनलाल गुप्ता ने टाण्डा तहसील प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर पालिका परिषद टाण्डा में पहुंचकर नगर पालिका परिषद टाण्डा के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को लोकसभा निर्वाचन 2024 ष्वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर करेष 25 मई 2024 को वोट जरूर डाले इसी जागरूकता के प्रति शपथ दिलाई गई – हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें । शपथ के उपरांत सेल्फी प्वाइंट पर उपजिलाधिकारी टाण्डा मोहनलाल गुप्ता, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर पालिका परिषद टाण्डा के समस्त



अधिकारीगण लेखपाल छोटे लाल, टीएस जुबैर अहमद, आर आई राकेश कुमार गौरव, सलमान खान, रामबाबू गुप्ता, अरशद जमाल, अनुरूध कुमार, जलील अहमद, इशांत पाण्डेय, अजीज, हुसैन, सलमान सफाई नायक मोहम्मद अहमद, ईदरीस, सोहेल, आदि सहित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर मतदान के प्रति जागरूक किया गया उक्त अवसर के बीच उपजिलाधिकारी टाण्डा मोहनलाल गुप्ता ने कहा मतदान करना सभी का अधिकार है अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने के लिए मतदान के प्रति सभी को जागरूक करना हम सभी का कर्तव्य है। जिसके साथ उन्होंने ने नगर पालिका परिषद टाण्डा के अधिकारियों तथा कर्मचारियों से कहा मतदान जागरूकता अभियान के तहत आप सभी को सोशल मीडिया प्लेट फार्म आदि के तहत लोगों को मतदान के प्रति लगातार जागरूक करते रहना है। और आगामी 25 मई 2024 को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को मतदान करने के लिए उन्हें जागरूक करते रहना है। जबतक की मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न न हो जाए।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर एक की मौत तीन गंभीर

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र दानपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर हो गई इससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान एक की मौत हो गई दो की हालत नाजुक होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया गया है घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। महावा निवासी दीपक पुत्र बडकू उम्र २२ वर्ष मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता है सुबह 11 बजे अपने दोस्त अजय कुमार पुत्र ओमप्रकाश व राकेश पुत्र लाखन निवासी महावा के साथ एक बाइक से करारी जन सेवा केंद्र ट्रेन का टिकट निकालने जा रहे थे दानपुर के पास दानपुर के ही बहाव पुत्र जुम्मन उम्र २५ वर्ष तेज रफ्तार से कहीं जा रहा था दानपुर गांव के बाहर दोनों बाइकों में आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई इससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान दीपक की मौत हो गई जबकि अजय कुमार व बहाव को गंभीर हालत में डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।

# बाप, बेटे सहित 14 निर्दलीय और दलीय लोगों ने खरीदा नामांकन पत्र

कौशाम्बी । सामान्य लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया जारी हो गई १४ लोगों द्वारा नामांकन काली फिल्म एवं हूटर लगी गाडी पर दस का हजार जुर्माना कौशाम्बी । लोकसभा सामान्य निर्वाचन नामांकन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा निरंतर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। क्षेत्राधिकारी चायल मनोज रघुवंशी के द्वारा नामांकन स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार पर चेकिंग के समय एक वाहन (स्कॉर्पियो) में अवैध तरीके से काली फिल्म एवं हूटर लगा हुआ पाए जाने पर यातायात नियमों के तहत कार्यवाही करते हुए १०००० रुपये का चालान किया गया तथा मौके पर वाहन से काली फिल्म एवं हूटर को निकलवाया गया।

# कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता मोटर साइकिल चोरी करने वाले गैंग को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद राशिद सैय्यद

टाण्डा अम्बेडकरनगर रू पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ द्वारा अपराधों के रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए दिये गए निर्देश के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी टाण्डा शुभम कुमार के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी के निर्देशन मे उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र मौर्य मय हमराह हेड कांस्टेबल संतोष यादव,



कांस्टेबल राजेश कुमार गौतम, कांस्टेबल रामलाल गुप्ता, कांस्टेबल विकास शर्मा, थाना कोतवाली टाण्डा द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 24.04.24 को चिन्तौरा पानी टंकी थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर से अभियुक्तगण अजय कुमार पुत्र विक्रम निवासी जगदीशपुर कपलेश्वर दौलतपुर थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 36 वर्ष व मो० मेराज अहमद पुत्र मो० तेहरान निवासी बड़ा चिन्तौरा थाना कोतवाली टाण्डा उम्र 20 वर्ष को समय 12रू 25 पर गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से थाना कोतवाली टाण्डा पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या –125/24 धारा–379 भादवि से सम्बन्धित एक अदद स्कूटी नं0 न्च 45 ।भ्‍ 3650 हिरो मएस्ट्रो व थाना बसखारी पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या –107/24 धारा–379 भादवि मे चोरी गयी मोटर साइकिल हिरो पैशन प्रो. व थाना सम्मनपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या –52/24 धारा– 379 भादवि मे चोरी गयी मोटर साइकिल हिरो एफ डीलक्स बरामद हुई। जिसमे आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगणों को न्यायालय भेज दिया गया । पूछताछ करने पर दोनो अभियुक्तों ने बताया स्कूटी को दिनांक 22.04.2024 को सुन्थर नहर के पास से चोरी किया गया था तथा हिरो एफ डीलक्स मोटरसाइकिल को कुछ दिन पहले गौरा महमूदपुर थाना क्षेत्र सम्मनपुर से चोरी किया था और पैशन प्रो मोटरसाइकिल को शुक्ल बाजार रामलीला मैदान बसखारी से चोरी किया था। पकडे जाने के डर से नंबर प्लेट निकाल कर फेंक दिया था। अभियुक्तगणों ने बताया गया कि मोटर साइकिल चोरी करके उनको छुपाकर एक जगह पर रखते हैं। मौका पाकर कम दामों मे लोगो को बेंच देते है। और ग्राहकों द्वारा कागज मांगने पर बाद मे देने को कहकर गुमराह करते है।

# उपमुख्यमंत्री ने गिनाया पार्टी की उपलब्धियां साधा विपक्ष पर निशाना

(दहकती ख़बरें ब्यूरो)

इटवा(सिद्धार्थनगर)। स्थानीय कस्बा स्थित माता प्रसाद जायसवाल इण्टर कालेज में शुक्रवार दोपहर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। जिसमें उन्होंने अपने पार्टी की उपलब्धियां बताते हुए



विपक्ष पर निशाना साधा।उन्होंने आगे कहा कि मित्रों हम आपको बताने आए हैं कि गुण्डे, बदमाश डर रहे हैं। हमारी सरकार ने प्रदेश को गुण्डा, माफिया मुक्त बनाया है। हमारी सरकार ने काला नमक चावल का पूरी दुनिया में मार्केटिंग करके स्थापित किया है। समाजवादी पार्टी ने वन डिस्ट्रिक, वन माफिया दिया था। हमारी सरकार ने एंडीरोमियो स्क्वायड बना कर 25 हजार लफंगो को जेल भेजा है।उन्होंने बताया कि आपको तय करके निर्णय लेना है। उन्होंने लौकी और भिंडी का उदाहरण देकर प्रत्याशी को परखने का टिप्स दिया। लौकी खरीदते समय उसमें नाखून धसा कर देखते हैं। उसी प्रकार भिंडी खरीदते समय पीछे से उसकी पूछ तोड कर देखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के मोदी और योगी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है। दूसरी तरफ भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी समाजवादी पार्टी लुच्चे, लफंगों को समर्थन देने वाली पार्टी है।

# प्रधानाचार्य ने टॉपर छात्रों को किया सम्मानित

(दहकती ख़बरें ब्यूरो)

इटवा(सिद्धार्थनगर)। जनता इंटरमीडिएट कॉलेज असिधवा चेतिया के प्रधानाचार्य ने अपने विद्यालय के टॉपर बच्चों को गुरुवार को सम्मानित कर उनके उज्जल भविष्य की कामना किया।प्रधानाचार्य सुनील कुमार रंजन ने विद्यालय टाप करने वाले



बच्चों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दिया। आगे उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे इसी तरह उन्नति करते रहें जिससे हमें बहुत खुशी मिलती है। उन्होंने बच्चों के प्रगति को लेकर कहा कि हम बच्चों के शिक्षा के प्रति हर संभव प्रयास करते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए हमारे विद्यालय के अध्यापक काफी मेहनत करते हैं। जहां हाईस्कूल में असिधवा निवासी मुदिता स्वराज 84 प्रतिशत और बड़हरा निवासी प्रभात जाटव ने 83.66 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

# बाल अपचारी गिरफ्तार मोटर सायकिल बरामद

(दहकती ख़बरें ब्यूरो)

इटवा(सिद्धार्थनगर)। थाना मिश्रौलिया पुलिस ने गुरूवार को एक बाल अपचारी को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास के एक




अदद मोटर सायकिल बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया सतेंद्र कुंवर के नेतृत्व में गुरूवार 25 अप्रैल 2024 को मु0अ0सं0 46/24 धारा 379,411,420,467,468,471 आईपीसी के अन्तर्गत 01 नफर बाल अपचारी को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त करन पुत्र रामउजागिर सकिन मधवापुर कला थाना मिश्रौलिया, जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है। अभियुक्त बाल अपचारी के कब्जे से एक अदद मोटरसाइकिल यपी 55 सी 4451 सी0डी0 डीलक्स बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उ0 नि0 शिवदास गौतम, उ0नि0 दीपनारायण यादव, हे0का0 योगेंद्र प्रसाद, का0 सागर जायसवाल शामिल रहे।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में चलाया गया स्वच्छता अभियान

लखनऊ (आरएनएस)। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में दिनांक 26 अप्रैल को योग विभाग, बीबीएयू एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र एवं उसके आस– पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कुलपति आचार्य संजय सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ० पवन कुमार चौरसिया, योग विभाग के डॉ० दीपेश्वर सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। डॉ० नरेंद्र सिंह द्वारा सभी को ष्स्वच्छता ही सेवाष की शपथ भी दिलाई गई। डॉ० पवन कुमार चौरसिया ने चर्चा के दौरान कहा कि हमे स्वयं अपने आस पास के क्षेत्र को ग्रीन व क्लीन बनाकर रखना चाइए तभी हमारा ग्रीन भारत – क्लीन भारत का मिशन पूरा होगा। डॉ० दीपेश्वर सिंह जी ने कर्म योग को परिभाषित करते हुए बताया, कि योग में स्वच्छ स्थान का अतिमहत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि स्वच्छ स्थान पर ही श्रेष्ठ विचारो का सृजन होता है। साथ ही डॉ० नरेंद्र सिंह ने सभी को अपने आस पास का कचरा डस्टबिन में डालने के प्रेरित किया । कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य एवं विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# मैं हूं साथ तेरे' को प्रमोट करने लखनऊ पहुंचे उल्का गुप्ता और करण वोहरा

लखनऊ (आरएनएस)। ज़ी टीवी पर 29 अप्रैल से प्रसारित होने जा रहे आगामी शो 'मैं हूं साथ तेरे' को प्रमोट करने के लिये आज उल्का गुप्ता और करण वोहरा लखनऊ पहुंचे। ज़ी टीवी की ओर से नवाबों के शहर लखनऊ में एक भव्य लॉन्च इवेंट आयोजित किया। अपनी यात्रा के दौरान उल्का गुप्ता और करण वोहरा ने फैंस के साथ–साथ स्थानीय मीडिया से भी मुलाकात कर अपनी भूमिका के बारे में बताया। दोनों शहर की खास जगहों पर गए, वहां लोगों से मिले और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उल्का गुप्ता व करण वोहरा ने बताया कि 'मैं हूं साथ तेरे' शो में एक सिंगल मां जानवी की कहानी है, जो एक मां और बाप दोनों की जिम्मेदारियां निभाते हुए जिंदगी की मुश्किलों से गुजर रही है। ग्वालियर में रचा–बसा यह शो हमें जानवी के उतार–चढ़ाव भरे भावुक सफर पर ले जाता है, जहां वो अपनी दुनिया, अपने बेटे किआन को हमेशा खुश रखने की कोशिश करती रहती है। हालांकि किआन को एक पिता की कमी महसूस नहीं होती, लेकिन वो अपनी मां की ज़िंदगी में एक आदमी की कमी जरूर महसूस करता है, खासतौर पर तब, जब वो उन्हें अकेले सारी बातों का ख्याल रखते हुए देखता है। ये कहानी उस वक्त एक दिलचस्प मोड़ लेती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर बिज़नेसमैन आर्यमन से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। फुल हाउस मीडिया के निर्माण में बने शो 'मैं हूं साथ तेरे' का प्रसारण 29 अप्रैल से रोज शाम साढ़े सात बजे ज़ी टीवी पर होगा। उल्का गुप्ता ने कहा, ''ज़ी टीवी लंबे समय से मेरा घर रहा है, जब मैंने 'झांसी की रानी' में यंग मनु का रोल निभाया था। यह बड़ा दिलचस्प है कि मुझे अपने करियर के इतने शुरुआती दौर में एक मां का रोल निभाने का मौका मिल रहा है। जानवी का किरदार निभाने के लिए मेरी मां ही मेरी प्रेरणा रही हैं।

## सम्पादकीय

### सीएम ममता का हास्यास्पद तर्क

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) टीम पर हमले और फिर एफआईआर, चोरी और सीनाजोरी का मामला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार की नजर में कोई भी केंद्रीय जांच एजेंसी; एनआईए, ईडी या सीबीआई हो, वे सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निजी एजेंसियां हैं। इनका इस्तेमाल वे सूबे की सत्ता हासिल करने में करते हैं।

लिहाजा, तृणमूल कांग्रेस (तृमूकां) ने निर्वाचन आयोग से मिलकर अनुरोध किया है कि वह भाजपा का चुनावी हित साधने में जांच एजेंसियों के दुरु पयोग रोके। तृमूकां का वहां अपनी बात रखने और उस पर उचित कार्रवाई की आशा का पूरा अधिकार है। पर अंधाधुंध विरोध में ममता इस बात को भूल जाती हैं कि वे केवल तृमूकां की अभियानी नेता भर नहीं हैं। वे मुख्यमंत्री जैसे एक संवैधानिक पद पर हैं, जिसका काम प्रदेश के साथ राष्ट्रीय एकता, सम्प्रभुता और अखंडता की रक्षा का भी है। यह तभी हो सकता है कि जब राज्य एवं संघ के कर्त्तव्यों का पालन किया जाए। पहले ईडी और अब एनआईए मामले में ऐसा नहीं हुआ है। एनआईए की टीम 2022 के एक आतंकवादी मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने पहुंची थी, उस पर उनके समर्थकों, जिन्हें कांग्रेस नेता अधीर रंजन शदीदी के गुंडे्य कहते हैं, ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री एनआई टीम की कार्रवाई का सपोर्ट करने, उसे पुलिस सुरक्षा देने और हमलावरों की गिरफ्तारी का निर्देश देने के बजाय हास्यास्पद तर्क दे रही हैं। ममता मुख्यमंत्री हैं, उनके अधीन पुलिस समेत राज्य की कई जांच एजेंसियां हैं, जिनकी रात की रेड एक रूटीन–वर्क है। इसी बिना पर एनआईए की रेड का विरोध गैरजिम्मेदाराना है। ममता यह भी जानती हैं कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गई कोई भी टीम, अगर वह पुलिस से अभिरक्षित नहीं है तो गुस्साए परिजनों के हमले का खुला द्वार होती है। बदसलूकी का उस पर इल्जाम तो मामूली बात है जबकि यह कानूनी कार्रवाई में बाधा डालने और अफसरों पर हमले का मामला था, जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# शिकार बनने से बचा जा सकता है

सतीश सिंह

अनुसंधानकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल में विश्व साइबर अपराध सूचकांक्य तैयार किया है। इसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है।सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है। साइबर अपराध के मामले में रूस शीर्ष पर है, जबकि यूक्रेन दूसरे, चीन तीसरे, अमेरिका चौथे, नाइजीरिया पांचवे, रोमानिया छठे और उत्तर कोरिया सातवे स्थान पर है।भारत में कई तरह के साइबर अपराध होते हैं। हाल के वर्षो में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए साइबर अपराध करने की घटनाओं में उल्लेखनीय तेजी आई है। टेलीकॉम कंपनियां उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा देती हैं, जिसके तहत कॉल एवं एसएमएस को फॉर्वड किया जाता है। उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा नंबर पर यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा को एक्टिवेट करने पर मिलती है। यूएसएसडी कोड का इस्तेमाल आम तौर पर बैलेंस या फोन का आईएमईआई नंबर जानने के लिए किया जाता है।यह ऐसा फीचर है, जिसकी मदद से एक कोड डायल करके सेवाओं को शुरू या बंद करवाया जा सकता है। कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए स्कैमर कॉल करके उपभोक्ताओं को कहता है, हम आपकी टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी से बोल रहे हैं। हमने नोटिस किया है कि आपके नंबर पर नेटवर्क की समस्या है। समस्या को दूर करने के लिए आपको स्टार 401 हैशटैगग्य नंबर डायल करना होगा।ग्र यह नंबर डायल करने के बाद उपभोक्ता को अंजान नंबर पर कॉल करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही, उपभोक्ता कॉल करता है, उसके सभी कॉल और मैसेज स्कैमर के पास पहुंच जाते हैं, जिनमें बैंक और क्रेडिट कार्ड से किए जाने वाले लेन–देन के ओटीपी भी शामिल होते हैं। कॉल और ओटीपी का इस्तेमाल स्कैमर उपभोक्ता के बैंक खाते से पैसे निकालने, सोशल मीडिया में एक्सेस करने और नया सिम जारी करवाने में करते हैं।कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए किए जा रहे साइबर अपराध को रोकने के लिए सरकार ने 15 अप्रैल, 2024 से यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा बंद कर दी है। इसलिए स्मार्टफोन उपभोक्ताओं को कहा गया है कि अपने मोबाइल फोन की सेटिंग की जांच करें और स्टार 401 हैशटैगग्य नंबर डायल करने पर कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा चालू दिखती है, तो उसे तुरंत बंद कर दें।विगत वर्षो में डिजिटलाइजेशन के साथ–साथ साइबर अपराध में तेज वृद्धि हुई है। अब तो फेसबुक और इंस्टाग्राम भी ठगी के साधन बन गए हैं। गूगल सर्च इंजन पर लोग अपने हर प्रश्न का जबाव ढूंढ रहे हैं। ऐसे मनोविज्ञान को दृष्टिगत कर ठग नामचीन भुगतान एप्स जैसे, गूगल पे, फोन पे, पेटीएम के नाम से अपना नंबर इंटरनेट पर सहेज रहे हैं, जिसके कारण खुद से लोग हैकर्स के जाल में फंस जाते हैं। अब तो ब्राउजर एक्सटेंशन की डाउनलोडिंग के जरिए भी साइबर अपराध किए जा रहे हैं। यह काम वायरस के जरिए किया जाता है।सार्वजनिक चार्जर पोर्ट के माध्यम से भी मोबाइल एवं लैपटॉप संक्रमित हो जाते हैं। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिए किए गए ऑनलाइन लेन–देन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है, लेकिन अज्ञानतावश लोग ऐसा नहीं करते और इसका फायदा साइबर ठगों को मिल जाता है। इसलिए जरूरी है कि बैंकिंग डिजिटल उत्पादों जैसे डेबिट और क्रेडिट कार्ड, एटीएम, यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, क्यूआर कोड आदि के उपयोग में विशेष सावधानी बरती जाए क्योंकि इनके उपयोग में बरती गई असावधानी आपकी जेब को खाली कर सकती है।फिशिंग के तहत किसी बड़ी या नामचीन कंपनी या यूजर की कंपनी की फर्जी बेवसाइट, जिसका स्वरूप असली बेवसाइट जैसा होता है, बना कर लुभावने मेल किए जाते हैं, जिनमें मुफ्त में महंगी चीजें देने की बात कही गई होती है। मोबाइल का चलन बढने के बाद हैकर्स एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिए भी ऑफर वाले मैसेज भेजते हैं, जिनमें मैलवेयरयुक्त हाइपर लिंक दिया हुआ होता है। मैलवेयर, कंप्यूटर या मोबाइल या टैब में इंस्टॉल सॉफ्टवेयर को नुकसान पहुंचाने के साथ–साथ यूजर की वित्तीय जानकारी जैसे डेबिट या क्रेडिट कार्ड का विवरण, उनके पार्सवड, ओटीपी, मोबाइल नंबर, पता, बैंक खाता नंबर, जन्मतिथि आदि चुरा लेता है।यह यूजर की जानकारी के बिना उसके ईमेल खाते से दूसरे को फर्जी ईमेल भी भेज सकता है, और इसके जरिए ठगी करने के साथ–साथ संवेदनशील जानकारी अवांछित लोगों को बेची भी जा सकती है। इसकी मदद से किसी की सामाजिक प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया जा सकता है। आजकल साइबर अपराधी फोन कॉल्स या एसएमएस द्वारा लोगों को बिना कर्ज लिए ही कर्जदार बता कर उनसे पैसों की वसूली कर रहे हैं। लोन रिकवरी एजेंट धमकी देते हैं, आपने हमसे कर्ज लिया है और अगर दो–तीन दिनों में पैसे वापस नहीं करेंगे तो आपकी आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल कर दी जाएंगी।यूजर पढ़ा–लिखा हो या अनपढ़; आज सभी साइबर अपराध के शिकार बन रहे हैं। ऑनलाइन ठगी से न तो शहरी क्षेत्र के लोग बच पा रहे हैं, और न ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग। बड़े अधिकारी, बैंक अधिकारी, जज, विधायक, सांसद, मंत्री, पुलिस सभी इसके शिकार हो रहे हैं। बैंक के डिजिटल उत्पाद साइबर अपराध का जरिया बन गए हैं। फिर भी, सजग और जागरूक रह कर डिजिटल उत्पादों से किए जा रहे साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। लोग ब्राउजिंग सेशन के दौरान संदेहास्पद पॉप अप से सतर्क रहें, द्धह्लह्लश्चह्यरू// पैड लॉक सिंबल वाला क्ररु है या नहीं को सुनिश्चित करें, वेबसाइट्स या मोबाइल या पब्लिक लैपटॉप या डेस्कटॉप पर कार्ड की जानकारी साझा नहीं करें, अनजान नंबर या ईमेल आईडी से आए अटैचमेंट को तुरंत डिलीट कर दें और ऑनलाइन लॉटरी, कैसिनो, गेमिंग, शॉपिंग या फ्री डाउनलोड वाले मैसेज की उपेक्षा करें तो फिशिंग मेल या एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिए फॉर्वड होने वाले संदेहास्पद हाइपर लिंक के जाल से बचा जा सकता है। मामले में सावधानी ही बचाव है। लालच नहीं करें। यह सभी समस्याओं की जड़ है। मनोवैज्ञानिक दबाव में नहीं आएं। धमकी मिलने पर पुलिस की मदद लेने से नहीं हिचकें। निडर बनें। तभी साइबर अपराध का शिकार बनने से बचा जा सकता है।

# राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र चुनाव आयोग में पंजीकृत हो

रघु ठाकुर।

लोकतांत्रिक देशों में चुनाव के समय घोषणा पत्र जारी करने का चलन रहा है। दरअसल घोषणा पत्र का चलन संबंधित पार्टी के द्वारा आने वाले समय में कौन से काम को हाथ में लेंगे और क्या होना चाहिए इसका एक विवरण या पांच वर्षीय कार्यक्रम जैसा होता है। परंतु पिछले कुछ दशकों से यह अनुभव हो रहा है कि राजनीतिक दल विशेषतरू जो सत्ताधारी या सत्ता के नजदीक हैं, वह घोषणाएं तो बहुत करते हैं परंतु उसके ऊपर अमल नहीं करते हैं। घोषणा पत्रों के स्वरूप भी अब बदल रहे हैं।1952 से लेकर 1967 तक के दलों के चुनाव घोषणा पत्रों को देखें तो उनमें मुख्यतरू नीति परिवर्तन के संदेश और वायदे ज्यादा होते थे। परंतु अब घोषणा पत्र नीति परिवर्तन के बजाय वोट खरीदने के मंत्र बन रहे हैं। और घोषणा पत्र में मुख्यतरू राहत की बातों की चर्चा ही मुख्य होती है कि अगर सरकार बनती है तो कौन–कौन सी रियायत मतदाताओं को देंगे। मैं रियायतों के खिलाफ नहीं हूं। परंतु रियायतें स्थानी नहीं होनी चाहिए वरना वह लोकतांत्रिक विफलता में बदल सकती हैं। रियायतें एक अस्थाई संक्रमणता व्यवस्था हो जो आमजन को समर्थ बनाने की अवधि के बीच की मदद हो परंतु आमतौर पर दलों का लक्ष्य स्थाई विकलांगता पैदा करना हो गया यानि समर्थ न बनाकर निरंतर कमजोर रखना तथा मदद के नाम पर वोट हासिल करते रहना एक स्थाई रणनीति बन गई है।इस 2024 के लोकसभा चुनाव का जो घोषणा पत्र कांग्रेस ने जारी किया है उसमें यह कहा है कि गरीब महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए देंगे। भारतीय जनता पार्टी भी इसके पहले चुनाव में लगभग ऐसी ही अन्य घोषणाएं करती रही।उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 5०० रुपए तक के किसानों के कर्ज माफ करने का ऐलान किया था और इस आधार पर उन्हें वोट भी मिला, बाद में छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने भी किसानों के कर्ज माफी का ऐलान किया और उन्हें भी किसानों का समर्थन मिला। पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने भी यह वादा किया कि हम हर किसान को साल का रु. 6000 किसान सम्मान निधि देंगे और किसान उनकी ओर कुछ उन्मुख भी हुए।कुल मिलाकर स्थिति यही है प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से कुछ राहत के नाम पर रुपयों का लालच देकर पार्टियां वोट खरीदती हैं। प्रत्याशियों के द्वारा व्यक्तिगत तौर पर मतदाताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाना या कोई सुविधा देना चुनावी कानून की दृष्टि से अपराध है और इस अपराध के लिए उनके चुनाव भी रद्द हो सकते हैं, परंतु राजनीतिक दलों के द्वारा घोषणा पत्र के नाम पर यह थोकबंद खरीद चुनावी अपराध नहीं मानी जाती। सार्वजनिक रूप से ऐलान करके इस प्रकार से मतदाताओं को ललचाते हैं और वोट लेते हैं।घोषणा पत्र जारी करने की प्रक्रिया में एक और परिवर्तन आया है कि आम तौर पर घोषणा पत्र पार्टियां बगैर किसी सामाजिक और आर्थिक आंकलन के करती हैं। 1952 के बाद लगभग 2–3 दशकों तक पार्टियां जो घोषणा पत्र जारी करती थीं उनके पीछे एक उत्तरदायित्व की भावना तथा वस्तुपरक आंकलन होता था कि वहघोषणा कैसे पूरी कर सकेंगे? जिनके लिए वे जरूरी मानती हैं। क्या देश के आर्थिक हालात इसके लिए समर्थ होंगे। मुख्यतरू उनके चुनाव घोषणा पत्र में नीति निर्माण के ऊपर जोर दिया जाता था। अब पार्टियों के जो घोषणा पत्र जारी हो रहे हैं वह इतने लंबे चौड़े हो रहे हैं कि उन्हें याद रखना जनता को तो दूर पार्टी के नेताओं को भी याद रखना संभव नहीं बचा है। पाँच सौ हजार वायदे और अलग–अलग क्षेत्रों के वायदे वाले इन चुनाव घोषणा पत्रों में सौ–सौ पेज तक होते हैं। इन चुनाव घोषणा पत्र को ना तो पार्टी वाले और ना मतदाता पढ़ते हैं। कोई विशिष्ट मुद्दे पर या किसी विशिष्ट राहत की घोषणा पर देश में चर्चा हो जाती है, परंतु उसका कोई महत्व नहीं होता। अभी जो चुनाव घोषणा पत्र जारी हुए हैं इनमें उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी ने भी कल घोषणा की है कि छोटे किसानों को प्रति माह प्रति किसान रु. 5000 की सहायता दी जाएगी। यह ढाई एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को दी जाएगी। मैं नहीं जानता हूं कि उन्होंने इसका कोई आंकड़ा निकाला है? क्योंकि अगर निकाला होता तो वह उनकी भी संख्या भी जारी करते। इसी प्रकार हर मजदूर को रु. 5000 प्रतिमाह पेंशन देने का वादा किया है। सामान्य मजदूरी वाले मजदूरों की संख्या अनुमानतरू देश में (खेती और गैर खेती वाले मिलाकर) लगभग 30 करोड़ के आसपास होगी। यानी प्रति महीने लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए और साल का 18 लाख करोड़ रुपए अकेले इन मजदूरों की पेंशन पर खर्च होगा। कल्पना करिए कि 30 लाख करोड़ के बजट में से 18 लाख करोड़ रुपए क्या केवल मजदूरों की पेंशन पर दिया जाना संभव होगा? जबकि स्थिति यह है कि देश के बजट का 25 से 30 प्रतिशत केवल वेतन भुगतान पर खर्च होता है व लगभग इतनी ही राशि राशि पेंशन भुगतान पर खर्च होती है। लगभग 20 प्रतिशत कर्ज के भुगतान पर खर्च होता है। तो कहां से मजदूरों को या छोटे किसानों को पेंशन मिलेगी। इसकी कोई गणना किए बगैर केवल एक घोषणा जारी करना यह राजनीति का आम चलन हो गया है। यही स्थिति लगभग सत्ताधारी दल या सत्ता आकांक्षी तथा कथित बड़े दलों की हो गई है कि वह भी मनमानी घोषणाएं कर रहे हैं।प्रधानमंत्री जी तो पार्टी घोषणा पत्र जारी किए बगैर ही पिछले लगातार दो माह से प्रतिदिन हजारों लाखों करोड़ की घोषणा करते रहे हैं। यह पूरी होगी कैसे होंगी, यह कहना संदिग्ध है। हालत यह है कि पार्टियां घोषणा पत्रों के प्रति कितनी जिम्मेदार हैं अगर यह जानना हो तो इसी से जाना जा सकता है कि चुनाव के दो चरण के लगभग पूरा होने के करीब हैं तब जाकर कुछ दलों ने घोषणा पत्र जारी किए हैं। कांग्रेस का घोषणा पत्र भी अभी दो दिन पहले ही आया है जबकि चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुए 20–25 दिन हो चुके हैं। समाजवादी पार्टी का घोषणा पत्र कल आया और भारतीय जनता पार्टी का जो देश की सत्ताधारी पार्टी है, का भी 15 अप्रैल 2024 को जारी हुआ है। कई बार ऐसे अनुभव आए हैं कि कई चरणों के चुनाव पूरा होने के बाद या चुनाव प्रक्रिया लगभग समाप्ति के पहले घोषणा पत्र जारी करते हैं। इन घोषणा पत्रों के पीछे ना कोई ठोस योजना है, ना कोई आधार है, ना कोई आंकलन होता है। दरअसल अगर सच शब्दों में कहा जाए तो राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र आम मतदाता के लिये ठगपत्र माने जाने चाहिए। हम लोगों ने कई बार लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की ओर से भारत के चुनाव आयोग से यह मांग की कि पार्टियों के घोषणा पत्र चुनाव के कम से कम से एक माह पहले जारी हों तथा इन घोषणा पत्रों का पंजीयन चुनाव आयोग में हो। इसके लिए पार्टियों से उनके आर्थिक आंकलन और पूर्ति के वचन का शपथ पत्र लिया जाए। यह कार्यक्रम भी समयबद्ध होना चाहिए। अगर कोई पार्टी सरकार में आने के बाद अपने घोषणा पत्र को उक्त समय में पूरा नहीं करती है तो फिर उस पार्टी की मान्यता और पंजीयन को समाप्त करना चाहिए तथा उसके शपथ पत्र देने वाले अध्यक्ष या नेताओं के ऊपर धारा 420 के अपराध का मुकदमा चलना चाहिए।हिंदुस्तान के सुप्रीम कोर्ट को मैं बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने झूठे विज्ञापन देने के आधार पर बाबा रामदेव और और पातंजलि के मुखिया आचार्य बालकृष्ण के माफीनामा को भी स्वीकार नहीं किया और और स्पष्ट संकेत दिया है कि उन्हें दंडित किया जाएगा। जिस प्रकार बाजार में झूठे विज्ञापन यानी झूठे वादे के आधार पर सामान को बेचना खरीददारों को गुमराह कर उन्हें खरीद को प्रेरित करना अपराध है उसी प्रकार राजनीति में दलों के द्वारा जनता को झूठे वचन देना और मतदाताओं को गुमराह करना भी अपराध माना जाना चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।एक और नई बात अभी सामने आई है कि पिछले कुछ दिनों से जो गठबंधन बन रहे हैं वह राजनीतिक रूप से, विचार के रूप से आमतौर पर बेमेल व केवल कुर्सी परक होते हैं और इसका परिणाम यह हो रहा है कि जो घोषणा पत्र बनते हैं वह आमतौर पर गठबंधनों के नहीं होते, बल्कि दलों के निजी होते हैं। सरकार अगर बनेगी तो गठबंधन बनायेगा और घोषणा पत्र यानी वचन पत्र राजनीतिक दल पृथक से देंगे। जबकि होना यह चाहिए कि जब कोई गठबंधन बनता है तो उनका घोषणा पत्र सामूहिक वचन पत्र होना चाहिए और गठबंधन की संयुक्त जवाबदेही होना चाहिए। गठबंधन के दलों के अलग–अलग घोषणा पत्र जारी करना यह भी लोगों को धोखा देने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी सीएए का विरोध कर रही है और उन्होंने यह भी कहा है कि अगर उनकी सरकार बनेगी तो वह नागरिकता संशोधन अधिनियम को समाप्त करेंगे परंतु उनके गठबंधन के प्रमुख दल डीएमके ने अपना जो घोषणा पत्र जारी किया है उसमें सीएए को स्वीकार किया है और यहां तक कहा है और कि वह श्रीलंका के तमिल लोगों को जो भारत की नागरिकता चाहेंगे उन्हें नागरिकता देंगे। अब यह कितनी विचित्र स्थिति है कि गठबंधन का प्रमुख कहेगा कि हम सीएए समाप्त करेंगे और उसका घटक दल कहेगा कि हम लागू करेंगे। ऐसी ही विचित्र परिस्थिति उत्तर पश्चिम की है जहां पर एनडीए यानी कि भाजपा के सहयोगी दल यह कह रहे हैं कि हम सीएए को नहीं मानते और भाजपा उसे अपनी उपलब्धि मानती है। भाजपा कहती है की गौ हत्या अपराध है और उस पर रोक लगाएंगे और उनके सहयोगी दल यहां तक कि उनके अपने दल के मुख्यमंत्री कहते हैं कि मैं गोमांस खाता हूं। गौमांस या गौहत्या पर कोई रोक नहीं लगी, कुल मिलाकर राजनैतिक दल भी जनता को गुमराह कर रहे हैं और गठबंधन भी।देश में बड़ी मात्रा में छोटी पार्टियां भी है जो संघटनात्मक तौर पर या संसद व विधानसभा में भागीदारी के तौर पर बहुत ही कमजोर स्थिति में है या नहीं है। उनकी कमजोरी के कारण पर मैं यहां बहस नहीं करूंगा। इन दलों में भी दो प्रकार के दल हैं। कुछ एक दल निजी कारणों से बनाए गए हैं परंतु कुछ एक दल विचारधारा के आधार पर भी बने हैं। इन छोटे दलों के घोषणा पत्र या तो जारी नहीं हो पाते और अगर हो जाएं तो उनकी चर्चा मीडिया में नहीं हो पाती। क्योंकि इनके पास अपने घोषणा पत्र को मीडिया में लाने के लिए ना तो पर्याप्त आर्थिक ताकत होती है और ना राजनीतिक ताकत होती है। छोटी पार्टियों को या वैचारिक पार्टियों का एक संकट यह भी होता है कि जब कोई दल मुश्किल से 10–20 क्षेत्रों में ही लड़ रहा है तो वह घोषणा पत्र क्या जारी करें। क्योंकि जनता भी उनका या तो मजाक उड़ाती है या उन्हें गंभीरता से नहीं लेती। ये कम सीटों पर लडने़ वाले ना तो सरकार बनाने का दावा कर सकते हैं ना ही बड़े प्रतिपक्षी दल होने का और इसलिए उनका घोषणा पत्र अचर्चित रहता है। दूसरे उनके प्रसार की क्षमता बहुत कम होती है और आजकल तो प्रिंटिंग प्रेस वाले भी इतने कम संख्या के घोषणा पत्र की छपाई नहीं करते क्योंकि उन्हें वह कोई बहुत लाभप्रद काम नहीं लगता है। बहुत सारे ऐसे भी छोटे दल हैं जो नितांत निजी कारणों से या बड़े राजनीतिक खिलाडियों के छिपे हुए लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बनवाए गए हैं। उन्हें घोषणा पत्र की कोई आवश्यकता नहीं होती। मेरा सुझाव है कि भारत का चुनाव आयोग निम्न बाध्यकारी नियम बनाए रू–1 –हर पार्टी को यह अनिवार्य किया जाए कि वह चुनाव की घोषणा के एक माह पहले अपने घोषणा पत्र और आंकलन पत्र तथा शपथ पत्र चुनाव आयोग में जमा कराएं ताकि चुनाव आयोग भी उनके उत्तरदायित्व का और घोषणाओं का आंकलन कर निर्णय कर उनकी व्याहारिकता का निर्णय कर सके2 –इन घोषणा पत्रों या वचन पत्रों का पंजीयन चुनाव आयोग में हो।3 –घोषणा पत्र को मीडिया मेंप्रकाशित करने का दायित्व चुनाव आयोग वहन करें और प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या यूट्यूब चौनल पर सभी पर बाध्यता हो कि वह चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को क्रमशरू प्रकाशित करेंगे और देश को दिखाएंगे।4 – घोषणा पत्रों की प्रति उन चुनाव क्षेत्र में चुनाव आयोग के मशीन के द्वारा वितरित कराई जाए जहां उक्त पार्टी या व्यक्ति चुनाव लड़ रहे हैं।5 –जो पार्टी सत्ता में आने के बाद अपने घोषणा पत्र को पूरा ना करें उसकी मान्यता समाप्त हो।6 – पार्टियों के घोषणा पत्रों का आर्थिक आंकलन और

# कर्नाटक में कांग्रेस ने साल भर में ऐसी कौन–सी गलतियां कर दीं जिसके चलते जनता इतनी नाराज है

लगभग एक साल पहले कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा की 224 में से 136 सीटों पर जीत हासिल करके प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनाई थी। लेकिन एक साल के भीतर ही कर्नाटक के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जिस तरह कांग्रेस के प्रति नाराजगी दिखने लगी है वह दर्शा रही है कि चुनावों में किये गये वादे पूरे नहीं किये जायें तो जनता सबक सिखाने को तैयार रहती है। खास बात यह है कि कर्नाटक में दी गयी गारंटियों को पूरा करने के दावे के आधार पर कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए जारी अपने घोषणापत्र में तमाम तरह की गारंटियां दी हैं। लेकिन जब आप कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटियों के बारे में जनता से राय लेंगे तो पाएंगे कि दिल्ली में जो दावे किये जा रहे हैं वह खोखले हैं।हमने कर्नाटक के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का कहना था कि बिजली के बिल में कटौती की जगह बिजली की कटौती होने लगी है। शहरी क्षेत्रों में व्यापारियों ने कहा कि कमर्शियल यूज के लिए बिजली की दरों में बार–बार इजाफा किया जा रहा है जिससे हम पर भार पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हमसे पैसा लेकर दूसरों को सब्सिडी दे रही है जोकि गलत है। गांवों में किसानों और दुग्ध उत्पादकों ने कहा कि हमसे किये गये वादे पूरे नहीं किये गये। शहरी क्षेत्रों में गैर–लग्जरी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा का उपयोग करने वाली महिलाओं ने कहा कि यह देश का चुनाव है इसलिए हम प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से जब हमने मुफ्त यात्रा सुविधा के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि एक तो बसें कम हैं और दूसरा जो बसें हैं वह खटारा जैसी हैं और प्रदूषण फैलाती हैं इसलिए ऐसी सुविधा का हमें कोई फायदा नहीं।हमने गांवों और शहरों में एक चीज समान रूप से पाई कि लोग यह कहते दिखे कि हमें मुफ्त की सौगात नहीं चाहिए। लोगों ने कहा कि हम कमा कर खाना चाहते हैं और सभी चीजों का बिल भी अपनी जेब से भरना चाहते हैं। लोगों ने कहा कि हम सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहते इसलिए सरकार को मुफ्त रेवड़ियां बांटने की बजाय रोजगार के अवसर मुहैया कराने पर जोर देना चाहिए। हमने पाया कि कर्नाटक में राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और विकास इस चुनाव में बड़े मुद्दे हैं। हमने पाया कि भाजपा से बेहतर बूथ प्रबंधन किसी अन्य पार्टी के पास नहीं है। हमने पाया कि महिला शक्ति का समर्थन सर्वाधिक भाजपा के साथ है। हमने पाया कि युवा शक्ति का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है। हमने पाया कि पहली बार मतदान करने वाले से लेकर बच्चे तक की जुबान पर मोदी का नाम है।

2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 43 प्रतिशत मत हासिल किये थे। पिछले लोकसभा चुनावों में कर्नाटक उन राज्यों में शुमार था जहां भाजपा ने 51 प्रतिशत से अधिक मत हासिल किये थे। इस बार के चुनावों में भी वही स्थिति देखने को मिल सकती है। पिछले चुनावों में भाजपा ने राज्य की 28 में से 25 सीटों पर विजय हासिल की थी, ऐसा लगता है कि इस बार भी वही स्थिति रह सकती है या भाजपा और आगे भी जा सकती है। कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत छवि का लाभ भाजपा को मिलता दिख रहा है और जिस तरह हाल ही में बेंगलुरु के एक कैफे में धमाका हो गया था उसको देखते हुए लोगों के मन में यह भावना प्रबल हुई है कि सुरक्षा हालात भाजपा के राज में ही बेहतर होते हैं। कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के समय साइडलाइन किये गये पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को भाजपा जिस तरह इस बार पूरा महत्व दे रही है उसका जातिगत असर होता भी दिख रहा है। भाजपा ने येदियुरप्पा के बेटे विजयेंद्र को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी सौंपी है। येदियुरप्पा का लिंगायत समुदाय पर बड़ा प्रभाव है जोकि राज्य में बड़ा सामाजिक वर्ग है। वहीं जनता दल सेक्युलर का प्रभाव वोक्कालिगा समुदाय के बीच काफी अच्छा माना जाता है।

# व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने किया नानपारा क्षेत्र का भ्रमण

## एस.एस.टी. व एफ.एस.टी. की गतिविधियों से हुए रूबरू

बहराइच, ज़की सिद्दीकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र–56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. मुरूगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात की गई फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर का निरीक्षण कर आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने हेतु संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। व्यय प्रेक्षक ने भ्रमण के दौरान पाया कि ईमामगंज चौराहा के निकट एफ.एस. टीम द्वारा वाहन की जांच की जा रही है। यहां पर टीम के मुखिया अवर अभि सरयू नहर खण्ड नानपारा मो. ज़ीशन, उप निरीक्षक संदीप कुमार द्विवेदी, मुख्य आरक्षी सुरेश यादव, आरक्षी विनय चौधरी व अजय चौधरी मौके पर मौजूद रहे। अवर अभि. ने व्यय प्रेक्षक को बताया कि अब तक 40 वाहनों की जांच की गई है। इसी प्रकार नानपारा रूपईडीहा मार्ग पर भविनयापुर के निकट एक अन्य एफएस टीम वाहनों की जांच करते



हुए पायी गयी। यहां पर टीम के मुखिया अवर अभि. नलकूप खण्ड बहराइच विनय कुमार खरवार, उप निरीक्षक शिवानन्द सिसौदिया, मुख्य आरक्षी अवधेश यादव, आरक्षी सुनील कुमार व सत्यव्रत चौरसिया मौके पर मौजूद पाये गये। टीम मुखिया द्वारा बताया गया कि अब तक 25 वाहनों की जांच की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक द्वारा पंजिकाओं का भी अवलोकन किया गया। व्यय प्रेक्षक श्री मुरूगन ने कुरमियन चौराहा व राणा पेट्रोल पम्प के निकट एसएसटी बैरियर का निरीक्षण कर टीम प्रभारी आनन्द रूवरूप व हरिशंकर प्रजापति से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया गया कि मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाईजन आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर ,आरसीसी सड़क व सीसी नाली का निरीक्षण

संजय कुमार

गोरखपुर –नगर आयुक्त महोदय गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा गुलरिहा में निर्माणाधीन एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर एवम गुलरिहा थाना के पीछे निर्माणाधीन आरसीसी सड़क एवम सीसी नाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता संजय चौहान, अधिशासी अभियंता अमरनाथ, सहायक अभियंता नवीन श्रीवास्तव, अवर अभियंता अतुल एवम अन्य उपस्थित थे। महानगर गोरखपुर में निराश्रित कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण हेतु नगर निगम द्वारा गुलरिहा में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि एबीसी सेंटर के 2दक फेज की धनराशि आने पर एबीसी सेंटर के चारों तरफ की नगर निगम की जमीन की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर सुरक्षित करा लिया जाय। साथ ही बन रहे बर्थ कंट्रोल सेंटर की जलनिकासी हेतु सामने सड़क के नाले को जोड़कर उसी में मिला दिया जाए। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि कार्यादेश के अनुसार निर्धारित समय के अंदर निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाय। महानगर गोरखपुर में बारिश के दौरान जलजमाव वाले क्षेत्रों में जलनिकासी सुनिश्चित कराए जाने हेतु विभिन्न योजनाओं के तहत समस्त वार्डों में आरसीसी सड़क एवम सीसी नाली का निर्माण कराया जा रहा है। आगामी बरसात से पूर्व ही ये समस्त निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा सके, इसलिए नगर आयुक्त महोदय एवम नगर निगम के अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा निर्माणाधीन सड़क एवम नालियों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर आयुक्त द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत गुलरिहा थाने के पीछे कालोनी में निर्माणाधीन आरसीसी सड़क एवम सीसी नाला का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा मौके पर बन रही नाली को मेडिकल रोड गुलरिहा थाने के बगल के मुख्य नाले से जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे कि बरसात के समय इस क्षेत्र से समुचित जलनिकासी सम्भव हो सके एवम जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो।

# पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर जेसीआई ने ज़िलाधिकारी के़ द्वारा यूपी के मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

महाराष्ट्र व छत्तीसगढ की तरह उत्तर प्रदेश मे भी लागू हो पत्रकार सुरक्षा कानून फ़तेहपुर पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर आज जेसीआई के़ फ़तेहपुर जिले के़ ज़िला अध्य़क्ष शाह आलम वारसी के नेतृत्व में एक ज्ञापन ज़िलाधिकारी फ़तेहपुर के़ द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन भेजा गया। पत्रकार समाज और शासन के बीच की मजबूत कड़ी है निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से ही स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित होता है ऐसे मे लगातार देखा जा रहा है कि भृष्ट लोग सच्चाई उजागर करने पर पत्रकार को ही निशाना बनाते है और उन पर झूठे मुकदमे लिखा देते है मुकदमा दर्ज होते ही पत्रकार समाज मे अपना सम्मान खो देता है ऐसे मे आवश्यक है कि कोई भी आपराधिक मुकदमा दर्ज करने से पूर्व प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाये और दोषी पाये जाने पर ही मुकदमा दर्ज हो।ऐसे मे अब आवश्यक है कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ की तरह अब उत्तर प्रदेश मे भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो जिसमे मान्यताप्राप्त व श्रमजीवी पत्रकारो के साथ ही गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों



को भी शामिल किया जाए ! इस दौरान जेसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अनुराग सक्सेना जी के़ आदेशनुसार वही राष्ट्रीय संयोजक डॉ.आर सी श्रीवास्तव जी व उत्तर प्रदेश सलाहकार नागेंद्र पाण्डेय जी के संतुष्टि पर एक ज्ञापन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के बैनर तले माननीय जिलाधिकारी जी द्वारा माननीय मुख्यमन्त्री को ज्ञापन भेजा गया जिसमें मांग की गई की प्रदेश में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए कहा ज़िला अध्य़क्ष शाह आलम वारसी के़ नेतृत्व में आज़ जनपद फ़तेहपुर में अपने टीम के़ साथ वरिष्ठ पत्रकार जागेश्वर फ़ौजी ज़िला संरक्षक,विवेक कुमार सैनी ज़िला उपाध्यक्ष,मोव. हारून महामंत्री,मोइन ख़ान ज़िला कोषाध्यक्ष,राम शंकर सक्सेना ज़िला सूचना मन्त्री,हर्षित सोनी ज़िला मीडिया प्रभारी,संतोष कुमार सक्रिय सदस्य,नदीम सिद्दीकी,उस्मान ख़ान,शिव पूजन,मोव.रज़ा सिद्दीकी सहित तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे !

# मिलान फाउंडेशन द्वारा किया गया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

## मतदान से होगा भारत का नव निर्माण रू शैलजा शुक्ला

सीतापुर राकेश पाण्डेय। जिले की सिधौली तहसील क्षेत्र के ग्राम सतनापुर में मिलान फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे उन्मुक्त प्रोग्राम के तहत किशोर किशोरियों ने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान फाउंडेशन के किशोर किशोरियों ने हाथों में तख्तियां लेकर वोट देने की अपील की। तख्तियों में पहले मतदान फिर जलपान,चाहे नर हो या नारी मतदान है हम सब की जिम्मेवारी, वोट पहले जाना वोट डालना वापस आकर गेहूं काटना आदि आदि स्लोगन लिखे। उन्मुक्त प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदाता के लिए जागरूकता किया। इस प्रकार की पहल से गांव के लोग काफी प्रभावित हुए। ब्लॉक कोर्डिनेटर शैलजा शुक्ला ने कहा



कि मतदान से भारत का नव निर्माण होगा इसलिए भारत के उज्जवल भविष्य के लिए वोट जरुरी है इसीलिए शत प्रतिशत मतदान करें। फैसिलिटेटर अमित कुमार प्रजापति ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है इसलिए इसे मजबूत करने के लिए इसमें प्रतिभाग करना चहिए। ग्राम प्रधान राम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। फैसिलिटेटर रूचि सिंह ने कहा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मत का प्रयोग जरुर करें।

# युवा समाजसेवी मोहम्मद आकिब अंसारी ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर किया रक्तदान

समाचार पत्र गोरखपुर

सनराईज़ कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर, एम. ए. एकेडमी के प्रबंधक, सनराईज़ एजुकेशनल एंड वेलफेयर एसोसिएशन (रै.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, गोरखपुर शहर के युवा समाजसेवी, साहित्यकार, महान रक्तदाता मोहम्मद आकिब अंसारी ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर अपने जीवन का दसवां रक्तदान किया।

मोहम्मद आकिब अंसारी ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि दुनिया का सबसे बड़ा दान रक्तदान है, रक्तदान एक ऐसा महादान है जिससे किसी को नया जीवन मिल सकता है। समाज के एक जागरुक और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को रक्तदान करना चाहिए। एक यूनिट ब्लड में 200 एमएल आरबीसी, 100 एमएल एडिटिव सॉल्यूशन और 30 एमएल प्लाज्मा होता है. एक यूनिट ब्लड से एक यूनिट पैक्ड रेड ब्लड, एक यूनिट प्लाज्मा और एक यूनिट प्लेटलेट्स बनाया जाता है. इसीलिए रक्तदान को महादान



का नाम दिया गया है, क्योंकि एक यूनिट ब्लड डोनेट करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, जो दूसरों की जिंदगी बचाने में मदद करता है। रक्तदान करने से जब किसी का जीवन बचता है उसे समय जो खुशी मिलती है उसको बयान नहीं किया जा सकता है। इस अवसर पर गोरखपुर शहर के महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, भजन सम्राट पंडित नंदू मिश्रा, धरा धाम इंटरनेशनल प्रमुख सौहार्द शिरोमणि डॉक्टर सौरभ पांडेय, ऐतिहासिक गुरुद्वारा जटाशंकर के अध्यक्ष सरदार जसपाल सिंह, माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के सदस्य डॉ एहसान अहमद, वरिष्ठ समाज सेविका सुधा मोदी, शांति सद्भावना समिति के सदस्य आदिल अमीन, रज़ा इंटरनेशनल रिलीफ ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी जलालुद्दीन कादरी आदि लोगों ने सराहना करते हुए मुबारकबाद पेश किया।

# रवि किशन को बड़ी राहत, खुद को बेटी बताने वाली महध्लिा की क्छ। जांच की मांग कोर्ट से खारिज

मुम्बई रू गोरखपुर से भाजपा सांसद–उम्मीदवार और भोजपुरी सिनेमा के बड़े स्टार रवि किशन इन दिनों काफी चर्चाओं में बने हुए हैं दरअसल 25 साल की बॉलीवुड अभिनेत्री शिनोवा ने रवि किशन पर उसके जैविक पिता होने का आरोप लगाया है। शिनोवा की मां अपर्णा ठाकुर का भी कहना है कि उनकी बेटी के पिता रवि किशन ही हैं।

बता दें कि इस मामले में शिनोवा ने मुंबई की दिंडोशी सत्र अदालत में अर्जी लगाई थी. शिनोवा ने कोर्ट से पितृत्व परीक्षण कराने की मांग की थी। उन्होंने कोर्ट में दावा किया था कि रवि किशन ही उनके जैविक पित है. बता दें कि अब कोर्ट ने इस मामले में बड़ा फैसला किया है। दिंडोशी सत्र अदालत ने शिनोवा को झटका देते हुए उनकी पितृत्व परीक्षण की मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा......!

अपने फैसले में शिनोवा को झटका देते हुए कोर्ट ने कहा है कि प्रथम दृष्टया में ऐसा नहीं लगता है कि याचिकाकर्ता की मां और रवि किशन के बीच कोई पारिवारिक संबंध था. माना जा रहा है कि अब शिनोवा इस मामले को उच्च कोर्ट में लेकर जा सकती हैं। आपको बता दें कि शिनोवा की उम्र 25 साल है. शिनोवा के मुताबिक, वह बॉलीवुड में नाम बनाने के लिए



संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने कुछ साउथ फिल्मों में काम किया है तो वही उन्होंने कई वेब सीरीज में भी काम किया है. शिनोवा का कहना है कि उन्होंने कई विज्ञापनों में भी काम करते अपनी पहचान बनाई है। बता दें कि शिनोवा की मां अपर्णा ठाकुर ने न्च जं से बात करते हुए कहा था कि उनकी और रवि किशन की शादी नहीं हुई. मगर वह दोनों रिलेशन में थे और तभी शिनोवा का जन्म हुआ था. शिनोवा और अपर्णा ठाकुर का कहना था कि पिछले 4 सालों से ही रवि किशन उनके संपर्क में नहीं रहे. तभी उन्होंने सामने आना पड़ा और कोर्ट जाना पड़ा। आपको बता दें कि शिनोवा की उम्र 25 साल है, शिनोवा के मुताबिक, वह बॉलीवुड में नाम बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने कुछ साउथ फिल्मों में काम किया है तो वही उन्होंने कई वेब सीरीज में भी काम किया है। शिनोवा का कहना है कि उन्होंने कई विज्ञापनों में भी काम करते अपनी पहचान बनाई है। बता दें कि शिनोवा की मां अपर्णा ठाकुर ने कहा था कि उनकी और रवि किशन की शादी नहीं हुई। मगर वह दोनों रिलेशन में थे और तभी शिनोवा का जन्म हुआ था। शिनोवा और अपर्णा ठाकुर का कहना था कि पिछले 4 सालों से ही रवि किशन उनके संपर्क में नहीं रहे। तभी उन्होंने सामने आना पड़ा और कोर्ट जाना पड़ा।

# हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए स्थान व तिथि निर्धारित

## 27 अप्रैल से 01 मई तक होगा हज यात्रियों का टीकाकरण।

बहराइच, ज़की सिद्दीकी, ब्यूरो। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के टीकाकरण हेतु स्थान एवं तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। सीएमओ ने बताया कि मदरसा जामिया अरबिया मसऊदिया नुरूल उलूम काज़ीपुरा, बहराइच में 27 अप्रैल 2024, मदरसा अल जामेयतुन नूरिया ऐनी कैसरगंज बहराइच में 28, मदरसा सै. गौसुल उलूम मौजा दरहेटा फखरपुर व मस्जिद एवं मदरसा खैरून्निशां निकट नोवा हास्पिटल, मो. नाज़िरपुरा बहराइच में 29, मदरसा दारूल उलूमकादरिया बेलदारन टोला नानपारा 30 अप्रैल 2024 तथा मदरसा जामिया फैजुल उलूम बख्शीपुरा दरगाह रोड बहराइच में 01 मई 2024 को हज यात्रियों का टीकाकरण किया जाएगा।

# बिजली कटौती से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन

किसानों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती की जा रही है। लो–वोल्टेज की समस्या बनी है। बिजली की समस्या से धान, गन्ने आदि फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों ने विरोध–प्रदर्शन करते हुए शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई देने की मांग की है। किसानों का कहना है की रात के समय अमीरनगर फीडर के उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई शेड्यूल से नहीं मिल रही है। जेई कुलदीप कुमार ने किसानों को आश्वासन दिया है कि अमीरनगर फीडर से जुड़े किसानों को शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई दी जाएगी

# दीपांशी जायसवाल ने लहराया परचम

संदीप सिंह ब्यूरो चीफ प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ जनपद के मंगरौरा विकास खंड के मदाफरपुर निवासी सुरेश कुमार जायसवाल की पुत्री हैं दीपांशी जायसवाल जो जगतपाल रंगनाथ द्विवेदी इण्टर मीडिएट में हाई स्कूल की



छात्रा है दीपांशी ने 600 में से 551, 91.8:अंक प्राप्त करते हुए स्कूल और अपने गांव का नाम रोशन किया है और यह सिद्ध किया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी रहकर अच्छे अंक हासिल हो सकते हैं केवल लग्न पूर्वक पढ़ाई करने की जरूरत है दीपांशी की सफलता पर परिजनों ने मिठाई बांटकर लोगों का मुंह मीठा कराया और उज्जवल भविष्य की कामना की इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# हंडौर का राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवम मुसायराय 11मई को

संदीप सिंह ब्यूरो चीफ प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ जनपद के लीलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा हंडौर में हर साल की तरह इस वर्ष भी बड़े स्तर पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवम मुसायरा दिनाक 11मई 2024दिन शनिवार शाम 7बजे से 23वा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवम मुशायरे का आयोजन आंचल पब्लिक स्कूल हंडौर के प्रांगढ़ में होना सुनिश्चित हो गया है। जिसमे देश के ख्याति प्राप्त कवि और शायर काव्य पाठ करेंगे उस कार्यकर्म में आप सभी सम्मान सादर आमंत्रित हैं इसकी जानकारी आंचल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अनुक कुमार त्रिपाठी ने दी।

# देहलीबाजार में ई रिक्शा शोरूम का हुआ भव्य उद्घाटन

रिपोर्ट प्रमोद यादव सुल्तानपुर

बलदीराय सुल्तानपुर

बल्दीराय तहसीलक्षेत्र के देहलीबाजार में , हरिग्टीनगंज मार्ग पर कनेहटी गांव के समीप सुल्तान ट्रेडर्स ई रिक्शाशोरूम का भव्य उद्घाटन जिला प्रभारी भाजपा कालीवक्स सिंह , राजधर शुक्ला सूर्यभान पांडे ने सामूहिक



रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह मै आसपास दूर दराज सैकड़ों लोग पहुंच कर ई रिक्शा शोरूम के उद्घाटन समारोह में सरीक हुए। मुख्य अतिथि कालीवक्स सिंह ने उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ई रिक्शा शोरूम होने से ग्रामीणों को ई रिक्शा के माध्यम से रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही लाभार्थी को दूर नही जाना पड़ेगा और उचित मूल्य पर ईरिक्शा इसी शोरूम पर सभी सुविधाओं के साथ मिलेगा ही ।क्षेत्र के वेरोजगार लोगों के लिए यह शोरूम बरदान साबित होगा । इस मौके पर विशाल जायसवाल, प्रधान राजेश द्विवेदी, दिलीप सिंह, बैजनाथ तिवारी, वसीम खान, विजय बहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह, शिवकुमार तिवारी, परमानन्द सिंह, उर्फ पी यन सिंह, अंगद कुमार सिंह, भोला मिश्रा ,रूपेश द्विवेदी , अमित सिंह राजपूत ,अरुण सिंह ,सुनील सिंह ,अनुराग सिंह ,नंद किशोर कनौजिया , बीनू सिंह, आदि लोग मौजूद रहे। सुल्तान ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर मोहम्मद सुल्तान व मोहम्मद हलीमखान नेध आये सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया ।

# लार्ड इरविन से समझौते के वक्तयदि कड़ा रुख अपनाया जाता तो भगतसिंह की फांसी रुकने की पूरी संभावना थी

रिपोर्ट प्रमोद यादव सुल्तानपुर

सुलतानपुर। आजादी की लड़ाई के दौरान क्रांतिकारियों के जो किस्से आज हम इतिहास के माध्यम सेघ सुनते जानते हैं, जरूरी नहीं कि वो बिना छेड़छाड़ के अक्षरशः सत्य ही लिखा गया हो। उस वक्त की मीडिया का एक बड़ा हिस्सा अंग्रेजों के रूख के अनुरूप क्रांतिकारियों से संबंधित खबरें प्रकाशित करता था। उस समय जो अंग्रेज चाहते थे वही समाचार पत्रों में प्रकाशित होता था और वही आज का इतिहास बन गया है। क्रांतिकारियों पर जो जुल्म जेल की चहारदीवारी और अंग्रेजों की कस्टडी में हुए हैं उसकी दास्तां मौजूदा इतिहास से हजार गुना ज्यादा हैं जिनकी जानकारी भारतवर्ष की जनता को कभी नहीं हो सकती क्योंकि अंग्रेजों ने आजादी के पहले ही उन सभी दस्तावेजों को गायब कर दिया था और जो फाइलें किसी कारण बची रह गईं उसे आजादी के बाद अंग्रेजों के भारतीय चाटुकार नेताओं और अफसरों ने साजिश के तहत छिपा लिया। इस विषय पर इतिहास विषय से पोस्टग्रेजुएट समाजसेवी पत्रकार डी पी गुप्ता एडवोकेट का मानना है कि





वायसराय लॉर्ड इरविन के साथ समझौता करते वक्त महात्मा गांधी यदि कड़ा रूख अपनाते तो भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु की फांसी को टाला जा सकता था। विदित हो कि 5 मार्च 1931 को ब्रिटिश सरकार के तत्कालीन वायसरॉय लॉर्ड इरविन और महात्मा गांधी के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ था। जिसमें सभी राजनैतिक बंदियों को रिहा करने की भी सहमति बनी थी परंतु भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को राजनैतिक बंदी के बजाय अपराधी माना गया। इन तीनों क्रांतिकारियों ने कौन से निजी स्वार्थ या जमीन जायदाद के झगड़े के लिए बंदूक उठाई थी। इन्होंने भी अंग्रेजों के खिलाफ भारत को गुलामी से आजादी दिलाने के लिए ही अपने तरीके से संघर्ष किया था। फिर इन्हें राजनैतिक कैदी के बजाय एक अपराधी क्यों माना गया।

तमाम लोगों का भी यही मत है कि महात्मा गांधी यदि कड़ा रुख अपनाते तो बहुत संभव था कि इन तीनों क्रांतिकारियों की सजा फांसी से घटाकर कर आजीवन कारावास किया जा सकता था।

उस समय देश की जनता भी यही चाहतीघ थी कि महात्मा गांधी लार्ड इरविन से समझौता करते वक्त इन तीनों की फांसी जरुर रूकवायें परंतु दुखद पहलू है कि ऐसा हो नहीं पाया।

# मोहम्मद रिजवान को ब्रैडमैन बताकर बुरी तरह फंसे शाहीन अफरीदी, फैंस ने लगा दी क्लास

शाहीन अफरीदी ने भी रिजवान को बधाई दी लेकिन वो इस बधाई के कारण बुरी तरह ट्रोल होने लगे। दरअसल, शाहीन ने रिजवान की तुलना सर डॉन ब्रैडमैन से कर दी थी। इसके बाद शाहीन अफरीदी को फैंस ने ट्रोल करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने हाल ही में टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 3000 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली और बाबर आजम को पछाड़ दिया। वहीं रिजवान की इस उपलब्धि के बाद उन्हें लोग बधाई दे रहे हैं। इस बीच शाहीन अफरीदी ने भी रिजवान को बधाई दी लेकिन वो इस बधाई के कारण बुरी तरह ट्रोल होने लगे। दरअसल, शाहीन ने रिजवान की तुलना सर डॉन ब्रैडमैन से कर दी थी। शाहीन अफरीदी ने मोहम्मद रिजवान को बधाई देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि, टी20 क्रिकेट के ब्रैडमैन और पाकिस्तान के सुपरमैन मोहम्मद रिजवान को 3000 टी20 रन बनाने के लिए बधाई।



आपके प्रभाव ने खेल को बदल दिया है और संशयवादियों को चुप करा दिया है। बढ़ते रहो, चौंपियन आप कई लोगों के लिए प्रेरणा हैं। शाहीन अफरीदी के इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनकी क्लास लगा दी। हर कोई उन्हें ट्रोल कर रहा है साथ ही कुछ फैंस ने सबसे कम गेंदों में 3000 रन पूरा करने के आंकड़े दिखाकर शाहीन को आइना दिखाया।

# विश्व कप के लिए वापसी से इनकार करते हुए कहा, वह दरवाजा अब बंद हो चुका है

आईपीएल के मौजूदा सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाजी ऑलराउंडर सुनील नारायण आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपने संन्यास के फैसले को वापस नहीं लेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह 'दरवाजा अब बंद हो चुका है'। 35 साल के नारायण ने पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाजी ऑलराउंडर सुनील नारायण कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपने संन्यास के फैसले को वापस नहीं लेंगे और उन्होंने जोर देकर कहा कि वह 'दरवाजा अब बंद हो चुका है''। वेस्टइंडीज के लिए 2019 में टी20 के रूप में आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 35 साल के नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। आईपीएल के मौजूदा सत्र में हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए बल्ले और गेंद दोनों से उनकी शानदार फॉर्म को देखते हुए नारायण को टी20 विश्व कप में खिलाने के लिए मनाने की कोशिशें चल रहीं थी। नारायण ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ''मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से वापसी करने और आगामी टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है।''

नारायण ने जोर देकर कहा कि उन्होंने अपने फैसले को स्वीकार कर लिया है और घर से टीम का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, ''मैंने उस फैसले को स्वीकार कर लिया है और हालांकि मैं किसी को निराश नहीं करना



चाहता लेकिन वह दरवाजा अब बंद हो गया है और मैं उन खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे।'' नारायण ने कहा, ''जिन खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और वे हमारे शानदार प्रशंसकों को यह दिखाने के हकदार हैं कि वे एक और खिताब जीतने में सक्षम हैं। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।''

नाइट राइडर्स से 2012 में जुड़ने वाले नारायण आईपीएल के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने 286 रन बनाए हैं जिसमें पिछले हफ्ते राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद शतक भी शामिल है जो उनका पहला टी20 शतक था। गेंद के साथ यह ऑफ स्पिनर 22.11 की औसत और

7.10 के इकोनॉमी रेट से नौ विकेट चटकाकर संयुक्त रूप से नाइट राइडर्स का सबसे सफल गेंदबाज है।

नारायण के शानदार फॉर्म को देखते हुए वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने उनसे संन्यास से वापसी करके टीम का प्रतिनिधित्व करने का आग्रह किया था।

# लगातार हार पर डेविड वार्नर का बयान, कहा– हमें गेंद और बल्ले दोनों से थोड़ा सुधार करने की जरूरत

डेविड वार्नर को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि टीम के पास मौजूदा आईपीएल में प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अपने आठ में से पांच मैच हारने के बाद दिल्ली की नजरें बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी।दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि टीम के पास मौजूदा आईपीएल में प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अपने आठ में से पांच मैच हारने के बाद दिल्ली की नजरें बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर



टिकी होंगी।वार्नर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, ''टीम की खातिर हमें जहां होना चाहिए हम वहां नहीं हैं। हम कुछ और मैच जीतना पसंद करते। लेकिन फाइनल में चुनौती पेश करने के लिए बेशक हमें बाकी बचे मैच जीतने होंगे।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए हमारे लिए यह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बारे में है। उम्मीद है कि हम प्रत्येक मैच वैसे ही खेल सकेंगे जैसे हम गुजरात के खिलाफ खेले थे।'' ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा, ''हमें बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ा सुधार करना होगा। अगर हम कुल स्कोर को कम रखने में सफल रहे तो यह बहुत अच्छा होगा। और फिर अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं तो कोशिश करें कि बड़ा स्कोर बनाएं और इसका बचाव करें।''वार्नर ने कहा कि दिल्ली के पास खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण है जिसने पहले चरण के मैच में गुजरात टाइटंस को 89 रन पर आउट कर दिया था। उन्होंने कहा, ''लोग जिस तरह से ट्रेनिंग और तैयारी कर रहे हैं उसमें कोई गलती नहीं है। मैचों में कभी–कभी ऐसा होता है कि आप

चीजों को लागू नहीं कर पाते और हम जानते हैं कि जब हम शुरुआत में विकेट चटकाते हैं तो हमारा गेंदबाजी आक्रमण बहुत खतरनाक हो जाता है।''

वार्नर से जब मौजूदा सत्र में प्रभावित करने वाले दो युवा खिलाड़ियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''जेक (जेक फ्रेजर–मैकगर्क) बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हम जानते हैं कि उनके पास हमेशा से प्रतिभा थी। अभिषेक पोरेल भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

# आपीएल 2024 लगातार हार पर डेविड वार्नर का बयान, कहा- हमें गेंद और बल्ले दोनों से थोड़ा सुधार करने की जरूरत

डेविड वार्नर को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि टीम के पास मौजूदा आईपीएल में प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अपने आठ में से पांच मैच हारने के बाद दिल्ली की नजरें बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि टीम के पास मौजूदा आईपीएल में प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अपने आठ में से पांच मैच हारने के बाद दिल्ली की नजरें बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। छममकसमे ळसनबवेम डवदपजवत द्य॰मंतबी ।के

वार्नर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, ''टीम की खातिर हमें जहां होना चाहिए हम वहां नहीं हैं। हम कुछ और मैच जीतना पसंद करते। लेकिन फाइनल में चुनौती पेश करने के लिए बेशक हमें बाकी बचे मैच जीतने होंगे।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए हमारे लिए यह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बारे में है। उम्मीद है कि हम प्रत्येक मैच वैसे ही खेल सकेंगे जैसे हम गुजरात के खिलाफ खेले थे।'' ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा, ''हमें बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ा सुधार करना होगा। अगर हम कुल स्कोर को कम रखने में सफल रहे तो यह बहुत अच्छा होगा। और फिर अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं तो कोशिश करें कि बड़ा स्कोर बनाएं और इसका बचाव करें।'' वार्नर ने कहा कि दिल्ली के पास खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण है जिसने पहले चरण के मैच में गुजरात टाइटंस को 89 रन पर आउट कर दिया था। उन्होंने कहा, ''लोग जिस तरह से ट्रेनिंग और तैयारी कर रहे हैं उसमें कोई गलती नहीं है। मैचों में कभी–कभी ऐसा होता है कि आप चीजों को लागू नहीं कर पाते और हम जानते हैं कि जब हम शुरुआत में विकेट चटकाते हैं तो हमारा गेंदबाजी आक्रमण बहुत खतरनाक हो जाता है।'' वार्नर से जब मौजूदा सत्र में प्रभावित करने वाले दो युवा खिलाड़ियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''जेक (जेक फ्रेजर–मैकगर्क) बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हम जानते हैं कि उनके पास हमेशा से प्रतिभा थी। अभिषेक पोरेल भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

# लखनऊ से पिछली हार का बदला लेगी चेन्नई, जानें हेड टू हेड रिकार्ड और संभावित प्लेइंग 11

आईपीएल 2024 का 39वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ के बीच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं इस मैच में सीएसके लखनऊ से अपनी पिछली हार का बदला लेगा। आईपीएल 2024 प्वाइंट्स टेबल में दोनों टीमों के 8–8 अंक हैं, सीएसके बेहतर नेट रन रेट के चलते चौथे तो एलएसजी 5वें पायदान पर हैं।चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ के बीच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में आईपीएल 2024 का 39वां मुकाबला खेला जाएगा। वहीं इस मैच में सीएसके लखनऊ से अपनी पिछली हार का बदला लेगा। आईपीएल 2024 प्वाइंट्स टेबल में दोनों टीमों के 8–8 अंक हैं, सीएसके बेहतर नेट रन रेट के चलते चौथे तो एलएसजी 5वें पायदान पर हैं। फिलहाल, दोनों



टीमों ने अपना पिछला मुकाबला एक–दूसरे के खिलाफ ही खेला था। जिसमें चेन्नई को लखनऊ ने अपने घरेलू मैदान पर पटखनी दी थी। वहीं चेन्नई की चेपॉक स्टेडियम की पिच पर इस साल तीन मैच खेले गए हैं जिसमें दो बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमें 170 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रही है। वहीं केकेआर यहां 137 रन ही बना पाया था। यहां स्पिनर्स और वेरिएशन वाले तेज गेंदबाजों को अच्छी मदद मिलती है। चेपॉक के किले में सीएसके ने इस साल के तीनों मैच जीते हैं। ऐसे में आज के मैच में भी चेन्नई का दबदबा रहने वाला है। चेन्नई ने यहां तीन में से दो मैच में पहले गेंदबाजी की और जीत भी दर्ज की। हेड टू हेड आंकड़े चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की आईपीएल में अभी तक कुल 4 बार भिड़ंत हुई है। इनमें से 2 मैच जीतकर एलएसजी ने बढ़त बनाई हुई है। वहीं चेन्नई को इस टीम के खिलाफ एक ही जीत मिली है। दोनों के बीच खेले गए एक मैच का रिजल्ट नहीं निकल पाया था। दोनों की संभावित प्लेइंग 11चेन्नई सुपर किंग्स– रचिन रवींद्र, अजिंक्य रहाणे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), मोइन अली, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, मुस्तफिजुर रहमान, मथीशा पथिराना। लखनऊ सुपर जायंट्स– क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, निकोलस पूरन, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, आयुष बडोनी, क्रुणाल पंड्या, मैट हेनरी, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान

# मुंबई के खिलाफ जायसवाल ने परिपक्वता से बल्लेबाजी की

लारा ने 'स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव' पर कहा, ''हां, खूबसूरत। लेकिन सच तो यह है कि वह अपना समय ले रहा है, गेंद के पीछे आकर खेल रहा है और वह उचित क्रिकेट शॉट खेल रहा है। उसके पास सभी चीजें हैं, उसे इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।''नयी दिल्ली। यशस्वी जायसवाल की परिपक्वता से प्रभावित वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस युवा खिलाड़ी की पारी प्रभावशाली थी क्योंकि उन्होंने शॉट खेलने के लिए समय भी लिया और उच्च स्ट्राइक रेट बनाए रखकर अच्छा संतुलन बनाया। जायसवाल ने फॉर्म में वापसी करते हुए मौजूदा आईपीएल का अपना पहला शतक जड़ा जिससे राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से हरा दिया। खेल रहा है और वह उचित क्रिकेट शॉट खेल रहा है। उसके पास सभी चीजें हैं, उसे इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।'' जायसवाल ने केवल 60 गेंद में नौ चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 104 रन बनाए जिसमें उन्होंने लेग साइड पर कई ताकतवर शॉट खेलने के अलावा आकर्षक कवर ड्राइव



भी लगाए। लारा ने कहा, ''जब आप गेंदबाजों पर हावी हो जाते हैं, यशस्वी के बारे में मुझे यही पसंद है। यह अच्छा समायोजन था, शानदार क्रिकेट शॉट, उन्होंने पूरी पारी का अच्छी तरह प्रबंधन किया।'' उन्होंने कहा, ''उसने बहुत जिम्मेदारी, काफी परिपक्वता दिखाई है और मैं उसकी वापसी से बेहद खुश हूं।''

# आंवला खाएं, 1 महीने में ही मोटापा घटाएं, गजब हैं इसके फायदे

वजन बढने से कई सारी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है. यह फिटनेस को भी बुरी तरह प्रभावित करता है. इसलिए लोग इससे बचने के लिए खाना कम कर देते हैं या फिजिकल एक्टिविटीज बढ़ा देते हैं.वजन बढने से कई सारी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है. यह फिटनेस को भी बुरी तरह प्रभावित करता है. इसलिए लोग इससे बचने के लिए खाना कम कर देते हैं या फिजिकल एक्टिविटीज बढ़ा देते हैं.वजन कम करने के लिए खाना छोड़ देना और पसीना बहाना पुरानी तरकीब हो गई है. अब स्मार्ट तरीके से अपना वेट लॉस कर सकते हैं. सही फूड्स, कैलोरी इनटेक और नॉर्मल फिजिकल एक्टिविटी से सिर्फ 1 महीने में वजन कम कर सकते हैं.इसमें आंवला आपकी मदद कर सकता है. इससे आप अपने वजन को तेजी से कम कर फिटनेस को बेहतर बना सकते हैं. आइए जानते हैं आंवला खाने के क्या फायदे हैं...आंवला खाने



से बेली फैट तेजी से कम हो सकता है. इसमें फाइबर ज्यादा होने से भूख लंबे समय तक महसूस नहीं होती है, जिससे कैलोरी इनटेक कम होता है. हार्वर्ड के अनुसार, वेट लॉस के लिए फाइबर बढ़ाना काफी जरूरी है. यह फूड डायजेशन में सुधारकर फैट को बर्न करता है.

आंवला खट्टा होता है, जिससे इसका जूस पीना लोग ज्यादा पसंद करते हैं लेकिन इससे फाइबर नहीं मिल पाता है और वजन कम भी नहीं होता है. ऐसे में आंवले की चाय ज्यादा फायदेमंद है.

इसके लिए एक बर्तन में 4 कप पानी, 1 चम्मच आंवला पाउडर, 1 चम्मच सोंठ डालकर तब तक उबालें, जब तक पानी 1 कप न रह जाए. इसके बाद इसे एक गिलास में निकाल लें. उसमें हल्का काला नमक और शहद मिलाकर पिएं. डायबिटीज मरीजों के लिए यह काफी अच्छा माना जाता है.आंवले में क्रोमियम पाया जाता है, जो खाने के बाद बढने वाले शुगर को रोकता है. डायबिटीज में यह काफी फायदेमंद होता है. आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है. इसमें एंटी–ऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो चेहरे की चमक को बढ़ाने का काम करते हैं. ब्लड फ्लो में भी सहायक होते हैं, जिससे चेहरा खिलता है.

# पांव में पाउडर लगाकर साक्स पहनने से क्या पैरों को मिलता है आराम ?

गर्मियों के दिनों में लोगों को पांव में मोजे पहनने से काफी दिक्कत होती हैं. कई लोग पैरों में फुंसियां, जलन जैसी चीजों से परेशान रहते हैं.गर्मी के मौसम में अधिकतर लोग सॉक्स पहनने से कतराते हैं. लेकिन ऑफिस या किसी काम से बाहर जाते वक्त सॉक्स पहनना बेहद जरूरी हो जाता है. ऐसे में कई लोग पैरों को कुल रखने के उपाय ढूंढते हैं. अगर आप भी अपने पैरों को मुलायम रखना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको ऐसी ट्रिक के बारे में बताएंगे जिन्हें फॉलो कर आप अपने पैरों को गर्मी के मौसम में स्वस्थ रख सकते हैं. आईए जानते हैं इसके बारे में.

पांव में पाउडर के फायदे

पांव में पाउडर लगाकर सॉक्स पहनने से पैरों को थोड़ी देर के लिए आराम मिल सकता है. इसके कई फायदे होते हैं जैसे पाउडर नमी को सोख लेता है, जिससे पैरों में फफोले और खुजली नहीं होती है. गर्मी के दिनों में सॉक्स पहनने पर जो




फुंसियां होने लगती है, उन फुंसी से भी पाउडर छुटकारा दिलाता है.पाउडर त्वचा और सॉक्स के बीच में घर्षण को कम करता है. पाउडर की मदद से पैरों में होने वाले छाले और जलन से छुटकारा पा सकते हैं. इसके अलावा जब लोग शूज उतार कर कुछ काम करते हैं, तो उनके पैरों से बदबू आने लगती है. वहीं पाउडर लगाने से इस बदबू को कम किया जा सकता है.

हो सकते हैं ये नुकसान

लेकिन इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं. कई लोगों को पाउडर की वजह से फंगस और बैक्टीरिया जैसे संक्रमण हो सकते हैं. कुछ लोगों को पाउडर से एलर्जी हो सकती है, जिससे उनके पैरों में जलन होने लगती है. पाउडर त्वचा और सॉक्स में जमी गंदगी को पैदा करता है.

इन बातों का रखें ध्यान

त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए आप पैरों को अच्छी तरह से धोएं, धुले हुए सॉक्स पहने, सॉक्स को रिपीट न पहने, कोशिश करें मोजे थोड़े ढीले रहे, पैरों पर रोजाना मॉइश्चराइजर लगाएं, पांव में पाउडर लगाकर सॉक्स पहनना थोड़ी देर के लिए आराम दे सकता है. लेकिन यह एक स्थायी समाधान नहीं है.

# ब्लाकबस्टर फिल्म हनुमान का जलवा अब भी बरकरार, 25 स्क्रीन्स पर 100 दिन पूरे किए



साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म होने का तमगा हासिल करने वाली हनुमान का जलवा अब भी कायम है। मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने अब तक कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। इस फिल्म की कहानी से लेकर वीएफएक्स तक लोगों को खूब पसंद आए थे। दक्षिण भारत के अलावा हिंदी भाषी राज्यों में भी फिल्म ने जबर्दस्त कमाई की थी।अब इस फिल्म ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। दरअसल, फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने 100 दिन पूरे कर लिए हैं। फिल्म ने तेलुगु राज्यों के 25 केंद्रो में 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस बात की जानकारी खुद फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने दिया है।उन्होंने लिखा, इस अद्भुत यात्रा का हिस्सा जो लोग भी बने उनके लिए मेरा दिल अत्यधिक कृतज्ञता से भरा हुआ है। सिनेमाघरों में हनुमान के 100 दिन का जश्न मनाना एक ऐसा क्षण है, जिसे मैं जीवन भर याद रखूंगा। इस मील के पत्थर के लिए मैं दर्शकों का आभारी हूं। इन दिनों दो से दो से तीन सप्ताह तक चलने वाली तेलुगु फिल्मों के बीच हनुमान का सिनेमाघरों में 100 दिन तक प्रदर्शित होते रहना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। इस फिल्म में तेजा सज्जा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनकी अदाकारी फैंस को खूब पसंद आई थी। प्रशांत इन दिनों इस फिल्म के सीक्वल जय हनुमान पर काम कर रहे हैं। हाल ही में इसका एक पोस्टर भी जारी किया गया था, जिसे देखकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए थे।

# प्राइम वीडियो ने अनुष्का सेन स्टारर यंग एडल्ट–ड्रामा दिल दोस्ती डिलेमा का ट्रेलर किया रिलीज, 25 अप्रैल को होगा प्रीमियर

प्राइम वीडियो ने आज अपने आने वाले यंग एडल्ट ड्रामा, दिल दोस्ती डिलेमा का बड़ा ही दिलचस्प और दिल को छू लेने वाला ट्रेलर जारी किया. नए जमाने के युवाओं पर आधारित यह मनोरंजक ऑरिजिनल सीरीज, पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित और अंदलीब वाजिद द्वारा लिखी गई किताब अस्माराज समर से प्रेरित है, जिसे टेन इयर्स यंगर प्रोडक्शंस उसने प्रोड्यूस किया है.

सीरीज में सीमा महापात्रा और जहाँआरा भार्गव क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम किया. डेब्बी राव के डायरेक्शन में बनी, तथा अनुराधा तिवारी, बग्स भार्गव कृष्णा, राघव दत्त और मंजिरी विजय द्वारा लिखी गई सात एपिसोड की यह सीरीज फील–गुड ड्रामा है, जिसमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने, रिश्तों को संजोकर रखने और अपने वजूद की तलाश करने की अहमियत पर बल दिया गया है.



इस सीरीज में कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने साथ मिलकर काम किया है, जिसमें अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आजमी, और शिशिर शर्मा ने मुख्य किरदार निभाए हैं, जबकि श्रुति सेठ, सुहासिनी मुले, विशाखा पांडे, रेवती पिल्लई, और एलीशा मेयर अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं. 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर दिल दोस्ती डिलेमा का प्रीमियर हिंदी में होगा, साथ ही तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में इसकी डबिंग भी उपलब्ध होगी.डायरेक्टर, डेब्बी राव ने कहा, दिल दोस्ती डिलेमा मेरे लिए बेहद खास प्रोजेक्ट है. हम पहले भी पुष्पावल्ली के लिए साथ काम कर चुके हैं और यह मेरी पसंदीदा स्ट्रीमिंग सर्विस दृ प्राइम वीडियो के साथ हमारी दूसरी साझेदारी है. जब मेरे पास यह स्क्रिप्ट आई तोह इसकी संपूर्ण मनोरंजन करने की क्षमता ने मुझे बहुत प्रभावित किया.अनुष्का सेन कहती हैं, इस सीरीज की स्क्रिप्ट पढकर मुझे ऐसा लगा, मानो मैं अस्मारा के किरदार में अपना एक अंश ढूंढ रही हूँ, जिसका अंदाज मेरे जैसा होते हुए भी मुझसे जुदा भी है. सच कहूं तो मुझे इस कहानी की जो बात सबसे अच्छी लगी, वो ये है कि यह दोस्ती और परिवार के रिश्तों की अहमियत को बयां करती है.


# बाक्स आफिस पर दो और दो प्यार ने एलएसडी 2 को चटाई धूल, मैदान ने दिखवाया कमाल

रविवार का दिन बॉक्स ऑफिस के लिहाज से हमेशा खास रहता है। इस समय बड़े पर्दे पर लव सेक्स और धोखा 2, दो और दो प्यार, मैदान और बड़े मियां छोटे मियां दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लगी हुई हैं।विद्या बालन की फिल्म की कमाई में जहां उछाल देखने को मिला, एलएसडी 2 की हालत और खस्ता हो चुकी है।इसके साथ ही बाकी दो फिल्मों के भी रविवार के आंकड़ें भी सामने आ गए हैं।दिबाकर बनर्जी की लव सेक्स और धोखा 2 (एलएसडी 2) सिनेमाघरों में फ्लॉप साबित हो रही है।साल 2010 की हिट फिल्म लव सेक्स और धोखा के इस सीक्वल के बॉक्स ऑफिस पर खराब शुरुआत के बाद फिल्म ने रविवार तक सिर्फ 35 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है।रविवार की बात करें तो फिल्म के संग्रह में और गिरावट देखने को मिली है। फिल्म ने अपने तीसरे दिन महज 8 लाख रुपये का ही कारोबार किया है।विद्या और प्रतीक गांधी की फिल्म दो और दो प्यार की हालत में रविवार को सुधार देखने को मिला है।सैकनिल्क के मुताबिक, पहले दिन जहां फिल्म ने 55 लाख रुपये कमाए थे, वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 95 लाख रुपये की कमाई की थी।इसके साथ ही तीसरे दिन यानी रविवार को इसने 1.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद भारत में इसका कुल कारोबार 2 करोड़ 65 लाख रुपये हो गया है।अजय देवगन की मैदान बॉक्स ऑफिस पर घुटने टेकने लगी है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह होने के बाद यह कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। उल्टा फिल्म का कारोबार दिन–ब–दिन और गिरता जा रहा है।11वें दिन भी फिल्म कमाई के लिए संघर्ष करती दिखी। 11वें दिन इस फिल्म ने 3.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसके बाद इकी कुल कमाई 35.70 करोड़ रुपये हो गई है।बता दें, कई शहरों में फिल्म थिएटर से उतरने लगी है।अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां की कमाई बेशक इस हफ्ते रिलीज हुई फिल्मों से ज्यादा हो रही हो, लेकिन फिर भी वह जादू देखने को नहीं मिल रहा है।इसकी कमाई में मामूली बढ़त देखने को मिली है। 11वेंदिन फिल्म ने एक करोड़ 1.77 करोड़ रुपये की कमाई की है। ऐसे में फिल्म का कुल कलेक्शन 54.82 करोड़ रुपये हो गया है।बता दें फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन खलनायक का किरदार निभा रहे हैं।




# अवनीत कौर ने स्टायलिश आउटफिट में ढाया कहर, एक्ट्रेस की हाटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान

अभिनय की दुनिया से ताल्लुक रखने वाली अवनीत कौर को भला कौन नहीं जानता है। ये अक्सर अपने ग्लैमरस लुक के चलते सोशल मीडिया पर छाई रहती है।टेलीविजन और फिल्म अभिनेत्री अवनीत कौर अपने स्टाइलिश लुक और ग्लैमरस अंदाज के लिए अक्सर सुर्खियों में रहती हैं. हाल ही में, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह नीले रंग के स्टाइलिश आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में अवनीत कौर एक स्विमिंग पूल के पास खड़ी हैं और कैमरे के लिए पोज दे रही हैं. अवनीत ने नीले रंग का क्रॉप टॉप और पैंट पहना हुआ है. उन्होंने अपने लुक को सिल्वर ईयररिंग्स और ग्लोइंग मेकअप से पूरा किया है. खुले बालों और आत्मविश्वास से भरी मुस्कान के साथ अवनीत कौर इस लुक में स्टनिंग लग रही हैं. एक्ट्रेस का सोशल मीडिया अकाउंट को खंगालने पर अदाकारा की एक से बढकर एक फोटो देखने को मिल जायेगी। बाकी एक्ट्रेस के जैसे अवनीत कौर भी सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती है। मनोरंजन की दुनिया में अवनीत की लोकप्रियता जाने–माने टीवी शो ' अलादीन ' से हुई थी।इस शो में उन्होंने शहजादी यास्मीन का किरदार बखूबी रूप से निभाया था। जोकि दर्शकों को खासा पसंद आया था ।वही सोशल मीडिया अकाउंट पर अवनीत के 32 मिलियन से भी अधिक फॉलोअर्स है।



# विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट का टीजर जारी, दर्दनाक कहानी की एक झलक

डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल से फैंस के दिलों का जीतने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी आने वाले समय में फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में नजर आने वाले हैं। बीते दिनों से इस मूवी को लेकर एक्टर का नाम चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बीच सच्ची घटना से प्रेरित द साबरमती रिपोर्ट का एक और लेटेस्ट टीजर रिलीज कर दिया गया है।इस टीजर में साफ दिखाया गया है कि ये फिल्म एक दर्दनाक हादसे की दिल दहलाने वाली कहानी को बयां कर रही है। आइए एक नजर द साबरमती रिपोर्ट के इस लेटेस्ट टीजर पर डालते हैं।कुछ समय पहले निर्देशक रंजन चंदेल के डायरेक्शन में बनने वाली द साबरमती रिपोर्ट का अनाउंसमेंट वीडियो लॉन्च किया गया था। तब से इस मूवी को लेकर फैंस की उत्सुकता काफी बढ़ी हुई है। अब उनकी ये एक्साइटमेंट और भी अधिक बढने वाली है, क्योंकि मेकर्स की तरफ से द साबरमती रिपोर्ट का नया टीजर रिलीज किया गया है।निर्माता एकता कपूर के बालाजी मोशन पिक्चर बैनर तले बनने वाली इस फिल्म के टीजर में साल 2002 में गुजरात में हुई खौफनाक ट्रेन हादसे की कहानी को दिखाया गया है। इस घटना की सच्चाई बताने में मीडियाकर्मियों ने किस तरह से भूमिका अदा की, उसे द साबरमती रिपोर्ट के टीजर में साफतौर पर दर्शाया गया है।विक्रांत मैसी इस मूवी में एक न्यूज रिपोर्टर के किरदार में मौजूद हैं। उनके अलावा साउथ एक्ट्रेस राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा भी इस फिल्म में अहम रोल अदा करती दिखेंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो द साबरमती रिपोर्ट का ये टीजर काफी प्रभावशाली माना जा रहा है।इस टीजर के सामने आने के बाद हर कोई विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा है। कुछ महीने के बाद आने वाली 3 मई 2024 को द साबरमती को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी।



## सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज, धांसू अंदाज में दिखी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म सिंघम अगेन पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है. फैंस इस मल्टीस्टारर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. रोहित ने कुछ समय पहले फिल्म के सारे कैरेक्टर से दर्शकों को इंट्रोड्यूस करवाया था, जिसके बाद से फैंस इस फिल्म को लेकर बेहद एक्साइडेट हैं.फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए रोहित ने एक बार फिर दीपिका पादुकोण का लुक पोस्टर शेयर किया है. इस फोटो में एक्ट्रेस का दमदार अवतार देखने को मिल रहा है. रोहित शेट्टी ने इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है कि ये मेरी हीरो है. रील और रियल लाइफ में भी लेडी सिंघम...सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है. फोटो पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. किसी एक यूजर ने लिखा कि एक मां यूनिफॉर्म पहनकर देश की सेवा कर रही है. तो किसी अन्य यूजर ने लिखा कि लेडी सिंघम फायर है. मजा आ गया बाबू भैया... वहीं दीपिका के फर्स्ट लुक पोस्टर में एक्ट्रेस ने पुलिस की वर्दी पहने चंडालिका रूप दिखाया था. पोस्टर में एक्ट्रेस गुंडे के ऊपर बैठकर उसके बाल को एक हाथ के खींच रही हैं और दूसरे हाथ से उसके माथे पर बंदूक ताने हुए नजर आईं थीं.बता दें कि साल 2022 में आई फिल्म सर्कस के दौरान डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने अपनी लेडी सिंघम का खुलासा कर दिया था. उन्होंने बता दिया था कि दीपिका पादुकोण ही सिंघम अगेन में लेडी सिंघम बनेंगी.बता दें कि इन दिनों मुंबई में सिंघम 3 की शूटिंग चल रही है. मुंबई में ही इसका सेट तैयार किया गया है. वहीं फिल्म के स्टारकास्ट की बात करें को दीपिका के अलावा रोहित की इस मल्टीस्टारर फिल्म में दीपिका के अलावा अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार जैसे कलाकार धमाल मचाते हुए नजर आएंगे. खबरें हैं कि ये मूवी इसी साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी.



## मैं मुंबई छोडने ही वाली थी, जब मीठा खट्टा प्यार हमारा का आफर आया-आर्ची सचदेवा

एक्ट्रेस आर्ची सचदेवा टीवी शो मीठा खट्टा प्यार हमारा में सांची का किरदार निभाती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि यह किरदार निभाना उनकी किस्मत में था। एक्ट्रेस मुंबई छोडने वाली थी, जब



उन्हें सांची का रोल ऑफर हुआ। आर्ची ने बताया मैं मीठा खट्टा प्यार हमारा का हिस्सा बनकर बेहद एक्साइटेड हूं। जब मैं जनवरी में मुंबई पहुंची, तो मैंने सांची के किरदार के लिए नहीं, बल्कि किसी दूसरे रोल के लिए ऑडिशन दिया। कई ऑडिशन के बावजूद, चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं रहीं और मैंने मुंबई छोडने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने आगे कहा, किस्मत मेरे साथ थी, और मुझे सांची के रोल के लिए चुना गया था, और शायद यह किरदार निभाना मेरी किस्मत में था। सांची मॉडर्न और स्मार्ट लडकी है, वह वही हासिल करना चाहती है जिस पर उसने अपना दिल और नजरें जमा रखी हैं। मीठा खट्टा प्यार हमारा में प्रेरणा सिंह और अविनाश मिश्रा भी हैं। मीठा खट्टा प्यार हमारा का प्रीमियर 24 अप्रैल को स्टार प्लस पर होगा।

## अरनमनई 4 का गाना अचाचो हुआ रिलीज, तमन्ना-राशी की दिलकश अदाओं ने जीता दिल

निर्देशक सुंदर सी की हॉरर कॉमेडी अरनमनई 4 का प्रोमो गाना अचाचो आज रिलीज कर दिया गया। इस गाने में तमन्ना भाटिया और राशी खन्ना डांस करती नजर आ रही हैं। इस गाने को अभीतक चार लाख लोग देख चुके हैं। यह फिल्म का प्रोमो गाना है, जिसमें तमन्ना और राशी की दिलकश अदाओं पर फैंस फिदा हो गए हैं। इस डांस नंबर में हिपहॉप तमिझा का संगीत, विग्नेश श्रीकांत के बोल और खरेस्मा रविचंद्रन के स्वर हैं।

फिल्म के निर्माता खुशबू सुंदर ने फिल्म का गाना अपने सोशल मीडिय हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, आनंद लें इस गाने का और साथ ही इस सैसी नंबर पर थिरकें। एक सुंदर जादुई एंटरटेनमेंट। इसी के साथ सुंदर ने फिल्म की रिलीज डेट घोषणा




की। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। आगे सुंदर ने लिखा, अरनमनई 4 26 अप्रैल को रिलीज हो रही है।यह गाना तेलुगु में पंचुको के नाम से रिलीज किया गया। डांस नंबर में तमन्ना और राशी अपने हिप–हॉप दिखाते हुए नजर आई। इस डांस नंबर को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। यह हॉरर कॉमेडी सीरीज अरनमनई की चौथी फिल्म है। अरनमनई 4 तेलुगु में बाक के नाम से रिलीज हो रही है, जिसका नाम फिल्म के भूत के नाम पर रखा गया है। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में एक ट्रेलर जारी किया जिसमें फिल्म की कहानी की झलक मिली।इस फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी।

## राम चरण की गेम चेंन्जर का अगला शेड्यूल शुरू, कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म की रिलीज डेट यहां जानें

साउथ सुपरस्टार राम चरण इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म गेम चेंजर को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है. अभिनेता ने अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए निर्देशक एस शंकर से हाथ मिलाया है। साउथ सुपरस्टार राम चरण इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म गेम चेंजर को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है. अभिनेता ने अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए निर्देशक एस शंकर से हाथ मिलाया है। गेम चेंजर में एक बार फिर राम चरण के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी नजर आएंगी। फिल्म के नए शेड्यूल को लेकर अपडेट सामने आया है।फिल्म के अगले शेड्यूल की शूटिंग आज सोमवार 22 अप्रैल से हैदराबाद में शुरू हो रही है। इस चरण में एसजे सूर्या और नवीन चंद्रा, राम चरण और अन्य कलाकार शामिल होंगे। फिल्म की शूटिंग मई के अंत तक पूरी हो जाएगी। गेम चेंजर का पहला गाना श्जरागंदश मार्च में राम चरण के जन्मदिन पर रिलीज किया गया था और इसे दर्शकों से बहुत प्यार मिला। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज को लेकर अपडेट भी शेयर किए थे. राम चरण के जन्मदिन पर प्रोड्यूसर दिल राजू ने फिल्म की रिलीज को लेकर बड़ा ऐलान किया है।

दैनिक
दहकती खबरें

लखनऊ, शनिवार 27 अप्रैल 2024

dahaktikhabrain2011@gmail.com

# रोडवेज बस ने फोर व्हीलर को मारी टक्कर, पिता की मौत, पुत्र गंभीर

मौदहा हमीरपुर ।कस्बे सहित क्षेत्र के जानेमाने सर्राफा व्यापारी की सड़क हादसे में हुई मौत को लेकर कस्बे के युवाओं में शोक की लहर दौड़ गई है जबकि मृतक का पुत्र गंम्भीर रूप से घायल हो गया है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज उरई भेजा गया है। कस्बे के नेशनल चौराहा निवासी और जाने माने सर्राफा



कारोबारी प्रदीप सोनी(48)पुत्र ओमप्रकाश सोनी मदारी अपने पुत्र तनिष्क सोनी के साथ अपनी निजी फोरव्हीलर गाड़ी से राठ से मौदहा आ रहे थे तभी राठ के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने फोरव्हीलर में टक्कर मार दी, जिससे प्रदीप सोनी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटा तनिष्क गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी राठ ले जाया गया जहाँ से उसे गंभीर चोंटो के कारण प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर उरई के लिए रेफर कर दिया गया है, जहां पर युवक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सड़क हादसे में हुई मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है वहीं बस चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है ।कस्बे के युवा सर्राफा व्यापारी की मौत से कस्बे के युवाओं में शोक की लहर दौड़ गई और घर में हुए दर्दनाक हादसे को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया है और रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के एक पुत्र व तीन पुत्रियां हैं, जिसमें एक पुत्री की शादी हो चुकी है।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की फसल जब्त

मौदहा हमीरपुर ।लोगों को डरा धमका कर बनाई गई अकूत सम्पत्ति जब्ती के अब पुलिस ने खड़ी फसल को भी कटवा कर जब्त कर लिया है। कस्बे के बल्लू पर पुलिस ने गैंगस्टर आरोपियों के सहयोग करने और मुख्य आरोपियों आफताब, जुम्मू सहित के सहयोग से लोगों को डरा धमका कर अकूत सम्पत्ति बनाने के मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की थी जिसके बाद आरोपी की सम्पत्ति को जब्त किया गया था उसी सिलसिले में पुलिस ने आरोपी बल्लू के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को भी कटवा कर जब्त कर लिया है ।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि लगभग पैतालीस कुंतल के आसपास गेहूं निकला है जिसे जब्त किया गया है।

# दो बार के सिटिंग एमपी ने दाखिल किया नामांकन

## स्वच्छ क्षवि के चलते हैट्रिक की उम्मीद में पुष्पेंद्र सिंह चंदेल

हमीरपुर। लोकसभा आमचुनाव के लिए हमीरपुर में पांचवें चरण में मतदान होना है। जिसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई ।और पहले दिन हमीरपुर लोकसभा सीट से मौजूदा भाजपा सांसद और प्रत्याशी ने पर्चा खरीद कर पहला सेट दाखिल करते हुए हैट्रिक लगाने की मंशा जताई है। इस दौरान उन्होंने कहा कि



जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। हमने दस साल हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए काम किया। एक बार फिर हम मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं। इस बार हमारी प्राथमिकता होगी की हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के किसानों के खेत तक पानी कैसे पहुंचे, उस पर हमें काम करना है। पूरे बुन्देलखण्ड क्षेत्र की समस्याओं की आवाज संसद में उठाई है। इन दस सालों में हम पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। हमने जाति धर्म से ऊपर उठ कर काम किया है। इसी आधार पर हमीरपुर के लोग ने रिकार्ड वोटों से हमें जिताया है। इस बार उन रिकार्डों का भी रिकार्ड टूटेगा और हम मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा सांसद ने कहा की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी बहुत छोटे मन से काम करने वाले क्षेत्रीय दल हैं। इनकी राष्ट्रवादी सोच ही नहीं है। आने वाले समय में विपक्षीय पार्टी के प्रत्याशियों को पता चलेगा, जब उन्हें बस्ता लगाने वाले कार्यकर्त्ता भी नहीं मिलेंगे। सांसद ने दावा किया की सपा बसपा के 90ः कार्यकर्त्ता हमारे साथ हैं। जो लगातार भाजपा का झंडा लेकर घूम रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी और सांसद ने बताया की भाजपा ने उनको चौथी बार टिकट दिया है। पहली बार 2007 में महोबा विधानसभा से चुनाव लड़ा था। जिसमें हार हुई थी। लेकिन उसके बाद 2014 और 2019 में हमीरपुर के लोगों ने भरपूर आशीर्वाद देकर हमें लोकसभा भेजा और तब तीसरी बार जिस तरह से लोगों का आशीर्वाद मिल रहा है।

उससे हम मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं। हालांकि इस दौरान मीडिया कर्मियों ने कुछ तीखे सवाल भी दागे जिनके जवाबों से सांसद बचते नजर आए।

# नगर पंचायत की उदासीनता के कारण लोग खरीद कर पी रहे पानी

सुमेरपुर। कस्बा सुमेरपुर में इस साल नगर पंचायत राहगीरो और सार्वजनिक स्थानों में भीषण गर्मी में समय बिताने वाले लोगो को पेयजल उपलब्ध कराना भूल गई है, अप्रैल माह बीतने को है, भीषण गर्मी पड़ रही है आसमान से आग बरस रही है किंतु इतने बड़े कस्बे में कही भी एक भी प्याऊ की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है, लोग पानी के पाउच खरीद कर पीने पर विवश हैं। गौर तलब है कि प्रति वर्ष गर्मी आते ही कस्बे के सार्वजनिक स्थानों बस स्टॉप रेलवे स्टेशन, बैंक, अस्पताल आदि स्थानों के बाहर प्याऊ लगवा दिए जाते थे ताकि लोग पानी पीकर गर्मी से राहत पा सकें किंतु इस बार कही प्याऊ नजर नही आ रहे हैं, चुनाव चल रहा है, लोगो ने नगर पंचायत से प्याऊ लगवाए जाने की मांग की है ताकि भीषण गर्मी में किसी को तकलीफ न मिल सके। लोगो का कहना है कि पानी पिलाना सबसे बड़े पुण्य का काम है, सामाजिक संस्थाएं भी कस्बे में प्याऊ लगवा देते थे किंतु इस बार उनका भी अता पता नहीं है, थाना के बाहर एक फ्रीजर हुआ करता था, उसके खराब होने के बाद अब तक किसी के द्वारा दूसरा नहीं रखवाया गया है, कस्बे के अंदर बाजार और सार्वजनिक स्थानों में लोग पानी की तलाश करते नजर आते हैं लेकिन उन्हें बिना पैसे के कही पानी नसीब नहीं होता है।

# सुनियोजित तरीके से दर्ज कराए जा रहे दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले

हमीरपुर। छेड़खानी, बलात्कार की घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती रहती हैं, इन घटनाओं से समाज में यही संदेश जाता है कि समाज अभी तक दूषित वातावरण से नही उबर पाया है, किंतु उक्त घटनाओं को लेकर आम धारणा यह भी है कि कुछ घटनाए तो वास्तविक होती है लेकिन अधिक मात्रा में ये घटनाएं मनगढ़ंत और सुनियोजित होती है जो किसी को सबक सिखाने के लिए प्रयोग में लाई जाती है, घटनाएं सही है या नहीं इसका अंदाजा तो जांच के बाद ही संभव हो पाता है। पुलिस की भूमिका इसमें अहम होती है यदि सही जांच हो गई तो निर्दोष लोग बच जाते हैं, यदि जांच के नाम पर फार्मेल्टी हुई तो निर्दोष भी कानूनी शिकंजे में फंसकर दुख भोगने पर विवश हो जाते हैं। उदाहरण के तौर पर आतंक और उत्पीड़न से परेशान होकर मझगवां थाना क्षेत्र के एक ग्राम के एक 22 वर्षीय युवक ने दबंग लोगो के मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, उसके साथ भी एक ऐसी महिला को माध्यम बना कर उसके खिलाफ चारित्रिक मामले का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा था जो पहले भी लोगो के खिलाफ आरोप लगा चुकी थी, इस मामले में पुलिस द्वारा गौर कर लेने से उस युवक पर मुकदमा तो दर्ज नहीं हुआ किंतु आगे इस तरह का मुकदमा दर्ज होने और दबंगों की दबंगई जिसे पुलिस रोक पाने में नाकाम रही तो युवक को विवश होकर जान गवानी पड़ी, यदि पुलिस चाहती दबंगों से उसकी रक्षा करती तो उसके प्राण बच सकते थे, युवक का मरने के पूर्व किया गया वायरल वीडियो समाज की आखें खोल रहा है, पुलिस क्या कर रही, शोषित पीड़ित लोगो की किस तरह अनदेखी कर रही है इसकी पोल भी खोल रहा है, उक्त युवक का वीडियो जिसमे वह फफक फफक कर रो रहा है और अपने ऊपर हो रहे जुल्म को बयां कर रहा है, नाम लेकर मुख्य मंत्री से कार्यवाही करने की मांग कर रहा है उससे पता चलता है कि प्रदेश में योगी सरकार होने के बाद गांवो में दबंगई बरकरार है, गरीब असहाय लोगो पर जुल्म ढाया जा रहा है, पुलिस की उन्हे कतई परवाह नहीं है, दबंगों के कारण पुलिस भी ज्यादा गौर नही कर पाती है, यही हाल अन्य जगहो का भी है न जाने कितने चरित्र मामले के केस यूं ही दर्ज कर लिए जाते हैं, महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोप सही मान कर कार्यवाही कर दी जाती है लोगो का कहना है कि केस सही है या गलत इसके लिए आरोप लगाने वाली महिला के साथ ही जिस पर आरोप लगाया जा रहा है उसकी भी जांच होने लगे तो दूध का दूध और पानी का पानी सब कुछ पता चलने लगेगा, लोग फर्जी आरोपो से बच सकते हैं, किंतु पुलिस ऐसा नहीं करती है, वरना चारित्रिक मामले में स्त्री पुरुष दोनो का डीएनए टेस्ट कराए जाने की पहल करनी चाहिए। लोगो ने बताया कि ऐसी कई घटनाएं सामने आती रहती हैं जिसमे दो पक्ष एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए किसी एक महिला को खड़ा कर छेड़खानी अथवा बलात्कार का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा देता है, फिर दूसरा पक्ष पहले पक्ष के खिलाफ इसी तरह का मुकदमा दर्ज करा देता है, एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए लोग चारित्रिक मामलों का सहारा लेते हैं, जागरूक लोगो का कहना है कि इस तरह जो लोग ऐसा करते हैं, इन्हे रोकने का प्रयास जिम्मेदार लोगो को करना चाहिए ताकि निर्दोष लोगो को ऐसे मामले की बेवजह सजा न मिल सके। ऐसे मामलो के जरिए किसी उत्पीड़न न हो सके, शोषण और अन्याय के चलते किसी को प्राण न गवाने पड़े।

# केंद्र सरकार और राज्य सरकार कितना भी अच्छा कार्य कर ले लेकिन क्षेत्रीय अधिकारी और प्रतिनिधि क्षेत्र के ऊपर ध्यान नहीं देते हैं ।

## और राज्य सरकार कितनी भी कार्य अच्छी कर लें लेकिन क्षेत्रिय अधिकारी और प्रतिनिधि क्षेत्र के ऊपर ध्यान नहीं देते

दहकती खबरें

ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र सोनभद्र , केन्द्रीय सरकार जिसके कारण सरकार के लोकप्रियता पर लोग सवाल खड़ा करने लगते हैं सोनभद्र जिले में उत्तर प्रदेश सरकार की अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा उड़ाई जा रही धज्जियां.. रोड और नाली की व्यवस्था नहीं रावटसगंज मार्केट के शहर में जो बढ़ौली चौराहे से 100 मी की दूरी पर रोड की स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण सोनभद्र के फेमस बढ़ौली चौराहा से यहां रोड निकली हुई है वही रूट है जहां पर पुराना आरटीओ ऑफिस हुआ करता था यह रोड बढ़ौली गांव होते हुए गोडीहां आगे तक चली जाती है कई गांव के लोगों का निकास मार्ग है रात्रि 12रू00 बजे तक रोड पर आने जाने वालों की भीड़ लगी रहती है घोरावल विधानसभा में पड़ता है और नगर पालिका के अंदर है बढौली चौराहा से 100 मीटर की दूरी पर रोड की स्थिति इस तरह की सोनभद्र अधिकारी एवं प्रतिनिधियों लापरवाहियों से उत्तर प्रदेश सरकार और मोदी सरकार की धजिया उड़ाने में जिले के अधिकारी प्रतिनिधि कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं पूर्ण रूप से धज्जियां उड़ाई जा रही है 10 वर्षों से यह रोड इसी प्रकार पड़ा हुआ है विगत वर्षों में कई लोगों का मोटरसाइकिल से गिर जाने से भयंकर



नुकसानिया कई लोगों के हाथ पैर टूट गया कई लोगों को साथ दुर्घटना हो चुकी है दो–तीन बार ऑटो पलट चुकी है क्या विकास होगा जिले का जहां पर एक रोड नहीं बनवा पा रहे हैं लोग जबकि इस रोड से प्रतिनिधियों का आना–जाना लगा रहता है अधिकारियों का उपेक्षा का शिकार प्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार रहा रोड यह जहां पर सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधि निवास करते हैं उसे मार्केट की रोड की स्थिति यह है तो ग्रामीणों की स्थिति क्या होगी यह विचारणीय कक्षा नजर आ रहे हैं और सुधार की क्या गुंजाइश की जा सकती है जब यह मार्केट के रोड़ों की यह स्थिति है नालियां नहीं क्या हो रहा है कैसे विकास होगा उत्तर प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा जिला सर्वाधिक राजस्व देने वाला जिला अपनी किस्मत पर रो रहा है रोबोट्सगंज मुख्यालय है जहां पर जिलाधिकारी डीएम एसडीएम जिला पंचायत अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष तमाम बड़े अधिकारियों एवं नेताओं द्वारा यहां पर निवास किया जाता है और प्रतिदिन समस्याओं को देखते भी हैं फिर भी अनदेखा खेल कर दिया जाता है 1989 से आज तक सोनभद्र जिले में लोग अपनी किस्मत पर रो रहे हैं रोड बिजली सड़क शिक्षा स्वास्थ्य के लिए मछली की तरह तड़प रहे हैं 'इतना बड़ा राजस्व देने के बावजूद भी यह सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात है

मनीष देव सोनभद्र उत्तर प्रदेश।

# निजी हॉस्पिटलों के मनमानी पर नहीं लग रहा अंकुश नोडल अधिकारी की भूमिका संदिग्ध

दहकती खबरें

ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र,जनपद में आए दिन निजी अस्पतालों की मनमानी से जहां आम जनमानस के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, वहीं बगैर मानक के संचालित अस्पतालों की चांदी कट रही है! पिछले कई वर्षों से जिला प्रशासन बगैर मानक के संचालित होने वाले अस्पतालों और क्लिनिको पर कार्रवाई की बात कर रहा है, वही यह दावा हवा हवाई साबित हो रहा है! यदि कभी नोडल क्षेत्र में निकल रहे हैं तो उनके जाने के पहले ही मानक विहीन अस्पतालों पर ताला बंद हो जा रहा है आखिर यह ख़बर उन तक कैसे पहुंच रही है इतना ही नहीं जिन अस्पतालों के खिलाफ पूर्व में नोटिस जारी हुई है सीज हुए हैं प्राथमिकि भी दर्ज हुई है वह अस्पताल भी धड़ल्ले से चल रहे हैं! जनपद के दूर दराज के क्षेत्र की बात की जाए तो खलिया,वैनी, रामगढ़, चतरा,नई बाजार, में एक दर्जन से अधिक अस्पताल व कम से कम इन कसबो में 50 से अधिक डॉक्टर मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं! रामगढ़ कस्बे का हाल यह है कि गुरौटी रोड पर लगभग एक दर्जन लोग बगैर डिग्री के क्लीनिक चला रहे हैं,जिसमें कोई बाल रोग विशेषज्ञ तो कोई महिला रोग विशेषज्ञ तो वहीं तमाम लोग फिजिशियन एंड सर्जन लिखकर अपने को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक बताने की होड़ में लगे हुए हैं, इसी क्रम में सिल्थम रोड में साईं हॉस्पिटल, जन सेवा मसीहा हॉस्पिटल,व लाइफ केयर पैथोलॉजी, सहित अन्य भी कई और पैथोलॉजी समेत कई क्लिनिक संचालित हो रहे हैं जिनके पास कोई डिग्री नहीं है! इसी तरह चतरा में अंसारी




नामक एक डॉक्टर का क्लीनिक पिछले 2 वर्षों के अंदर तीन बार सीज हो चुका है और एक बार प्राथमिकि दर्ज होने की भी बात कहीं जा रही है लेकिन धड़ल्ले से उसका क्लिनिक संचालित हो रहा है इसी तरह नई बाजार में भी आधा दर्जन लोग अपने को चिकित्सक बात कर डॉक्टरी व पैथोलॉजी सेंटर खोलकर मरीजों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जिसमें अमृता पैथोलॉजी का नाम प्रमुखता से है ! सूत्रों का कहना है कि इस मामले में झोलाछाप चिकित्सकों के नोडल और सह नोडलों की भूमिका काफी संदिग्ध है यह धड़ल्ले से ऐसे लोगों के साथ वसूली कर रहे हैं और गरीब मरीजों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं!

# जिला कार्यक्रम अधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी ने दिखाई झण्डी

मौदहा हमीरपुर ।लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है जिसके चलते शुक्रवार को सरकारी और गैर सरकारी कर्मचारियों ने एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली जिसे जिला कार्यक्रम अधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी दुर्योधन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शुक्रवार की दोपहर कस्बे के अमृत सरोवर मीरातालाब से एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें नगरपालिका, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के सरकारी कर्मचारी और गैर सरकारी कर्मचारियों ने भाग लिया ।उक्त मतदाता जागरूकता रैली मीरातालाब से होकर कोतवाली गेट, नेशनल चौराहा, कांजी हाउस, दीवान शहीद बाबा, कपसा रोड, रहमानिया कालेज, मलीकुआं, तहसील होकर बड़े चौराहे और वापस होकर फत्तेपुर होकर पुनः मीरातालाब में सम्पन्न हुई ।इस दौरान नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार सहित उनकी टीम, शिक्षा विभाग के सरकारी और गैर सरकारी शिक्षकों सहित अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# भैंसता के छात्रों ने जनपद में लहराया परचम

मौदहा हमीरपुर ।राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंसता के छात्रों ने अपनी मेधा के झण्डे गाड़ कर सभी को चौंका दिया है ।हालांकि इसके पहले भी जनपद स्तर पर इस विद्यालय के बच्चे अपनी प्रतिभा का जलवा दिखा चुके हैं। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंसता के छात्र आर्यन,विपिन कुमार, राज,पुष्पेंद्र कुमार, आदर्श यादव,अमन कुमार, विमलेश कुमार के चयन ने सभी को चौंका दिया है ।हालांकि इसके पहले भी इस विद्यालय के छात्र ने जनपद में युवा वैज्ञानिक के रूप में चयनित होकर सभी को चौंका दिया था ।स्कूल के छात्रों की इस सफलता को लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताई है और स्कूल के स्टाफ को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत दर्ज

कुरारा, हमीरपुर ।

थाना क्षेत्र के लहरा गांव निवासी ग्रामीण ने नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर थाने में दी है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के लहरा गांव निवासी ग्रामीण ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी प्रवेश अहिरवार पुत्र सत्यपाल मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसकी खोजबीन की लेकिन उसका अभी तक पता नहीं चल पा रहा है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी महिला ने गांव निवासी युवक के खिलाफ बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर थाने में दी है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी साजिद पुत्र मुमताज मेरी बहन को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है। जिसका कही पता नहीं चल पा रहा है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बाईक रैली के माध्यम से किया मतदान के लिए प्रेरित

कुरारा, हमीरपुर।

स्थानीय ब्लाक मुख्यालय से मतदाता जागरूकता बाइक रैली का आयोजन कर लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली ब्लाक से निकल कर मुख्य मार्ग से होते हुए बाजार होते हुए ब्लाक में समापन हुआ। ब्लाक कार्यालय कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली को नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल ने ब्लाक से रवाना किया। ब्लाक से होते हुए मनकी स्टैंड, बेरी तिराहा, होकर हमीरपुर स्टैंड से होते हुए नगर पंचायत होते हुए बाजार से होते हुए वापस ब्लाक में समापन हुआ। रैली के द्वारा लोगो को अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी लोग नारे लगाते हुए चल रहे थे। पहले मतदान फिर जलपान आदि से जागरूक किया। इस अवसर पर बी डी ओ बिपिन गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार कमल, ग्राम विकास अधिकारी जमाल अहमद, नीरज सचान, विकास चौधरी, धर्मेंद्र पाल, शिवा ओमर, शिवाकांत दीक्षित सहित अन्य मौजूद रहे।

# काली फिल्म एवं हूटर लगी गाडी पर दस का हजार जुर्माना

कौशाम्बी बंशीलाल ब्यूरो रिपोर्ट

कौषाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन नामांकन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा निरंतर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

क्षेत्राधिकारी चायल मनोज रघुवंशी के द्वारा नामांकन स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार पर चेकिंग के समय एक वाहन (स्कॉर्पियो) में अवैध तरीके से काली फिल्म एवं हूटर लगा हुआ पाए जाने पर यातायात नियमों के तहत कार्यवाही करते हुए १०००० रुपये का चालान किया गया तथा मौके पर वाहन से काली फिल्म एवं हूटर को निकलवाया गया।

# नगवा ब्लॉक के कई प्राथमिक विद्यालय पर लटकता रहा ताला सथारी प्राथमिक विद्यालय से शिक्षक रहे गायब ।

दहकती खबरें

ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला रामगढ सोनभद्र बिकास खण्ड नगवां ग्राम पंचायत सोमा के ग्राम काशी मे प्राथमिक विद्यालय में लटकता रहा ताला वही प्राथमिक विद्यालय सथारी मे 5 अध्यापक मे से प्रधानाध्यापक स्कुल मे मौजूद रहे 4 अध्यापक विद्यालय से रहे गायब प्राथमिक विद्यालय सथारी में कुल बच्चो की संख्या 8 रही वही भोजन की बात करे तो मानक के विपरीत बच्चो खाना दिया जा रहा है गैस सिलेंडर के जगह पर लकड़ी पर भोजन पकाया जा रहा है अगर हम बात करे तो नगवां ब्लाक अति पिछड़ा आदिवासी क्षेत्र है सरकार शिक्षा पर लाखो करोड़ो रुपए खर्च कर रही सोनभद्र के शिक्षा बिभाग के जिम्मेदार अधिकारी के मिलीभगत से अध्यापक स्कूल आए दिन गायब रहते जांच के नाम पर जिम्मेदार अधिकारी कागजों पर खाना पूर्ती करने मे लगे हुए है बच्चो के भविष्य के साथ अध्यापक कर रहे खिलवाड़ शिक्षा विभाग की बात की जाए तो अध्यापक मनमानी तरीके से विद्यालय से रहते हैं गायब शिक्षा विभाग का खुला पोल फोन पर बात हुई तो खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह ने अस्वासन दिए की जांच कर कार्रवाई की जाएगी कई विद्यालय में मास्टर रहे गायब कई विद्यालय में लटकता रहा ताला प्राथमिक विद्यालय काशी में लटकता रहा ताला पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोमा का स्कूल रहा बन्द।



दहकती खबरें

स्वामी प्रकाशक,मुद्रक एवं सम्पादक सिराज अहमद द्वारा 86/98 प्वाइंट ऑफसेट,कुर्मी टोला गुरु गोविन्द सिंह मार्ग लालकुआं, लखनऊ से मुद्रित तथा म.न.09,फर्रुखाबाद चिल्लावां,थाना सरोजनीनगर, तहसील लखनऊ,जिला लखनऊ,उत्तरप्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक – सिराज अहमद | मो0. 9369491542 ,सह–सम्पादकः इम्तियाज अहमद | मो0. 9044777902 RNI NO.- UPHIN/2011/39283, E-mail: dahaktikhabrain2011@gmail.com नोटः समचार पत्र से सम्बन्धित सारे विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय होगा।